संगीतांजलि

(प्रथम भाग)

प्रथम पुष्प] [प्रथम कली

लेखक तथा प्रकाशक

संगीत मार्तण्ड, संगीत महामहोदय, संगीत सम्राट्

पं० ओम्कारनाथ ठाकुर

अवकाश प्राप्त

कुलगुरु

श्री कला संगीत भारती

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

RESERVED FOR STUDENT SECTION

UNIVERSITY LIBRARY 22 NOV ALLAHABAD

पुस्तक मिलने का पता—

संगीत [illegible] प्रकाशन

[illegible]

सर्वाधिकार लेखक द्वारा सुरक्षित

द्वितीय संस्करण

जनवरी १९५९

मूल्य ४)

780-H
269

प्राप्ति स्थान :—

१. डा० कु० प्रेमलता शर्मा,
'रीडर' श्री कला संगीत भारती,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी—५.

२९१२८

२. संगीत कार्यालय, हाथरस (उ० प्र०)।

३. एन० एम० त्रिपाठी एण्ड कंपनी (प्राइवेट लिमिटेड)
प्रिंसेस स्ट्रीट, बंबई नं० २

४. हिन्दी भवन, प्रकाशक तथा पुस्तक विक्रेता,
जालन्धर सिटी (पू० पं०)

५. पं० ओम्कारनाथ ठाकुर,
वल्लभ विद्यानगर,
आणन्द (बंबई राज्य)

मुद्रक—श्री परेशनाथ घोष, सरला प्रेस, बाँसफाटक, वाराणसी–१.

अनुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ-संख्या
प्रथम संस्करण का निवेदन	१,२
द्वितीय संस्करण का निवेदन	३-५
संगीत लिपि चिह्न-परिचय	६,७
शिक्षकों को सूचना	८
कुछ तालों के ठेके	९,१०
शास्त्रीय परिचय	११—२०
"संगीत" की परिभाषा	११,१२
"संगीत" के मुख्य तत्त्व या उपकरण	१२
स्वर सम्बन्धी विषय	१२—१९
नाद—आहत और अनाहत	१२
नाद के तीन गुण	१३,१४
सप्त स्वर और आरोह-अवरोह	१४,१५
सप्तक और अष्टक	१५
तीन स्थान	१५
शुद्ध विकृत स्वर, चल अचल स्वर	१५
स्वर संवाद	१५
वर्ण, अलंकार या पलटा	१६
राग के मुख्य तत्त्व	१६,१७
राग-जाति	१७,१८
आलाप-तान	१८
बन्दिश	१९
स्थायी-अन्तरा	१९
लय सम्बन्धी विषय	१९,२०
लय और उसके तीन भेद	१९
बराबर की लय, दुगुन, चौगुन	१९
मात्रा	१९
ताल	२०
आवर्तन	२०
ठेका	२०
विभाग	२०
सम, ताली, खाली	२०
तालबद्ध अलंकार	१—९
१—राग भूप या भूपाली	१०—२०
परिचय और मुक्त आलाप तान	१०,११
ताल बद्ध आरोहावरोह	११,१२

विषय	पृष्ठ-संख्या
गीत त्रिताल 'प्रथम नमन गणनायक'	१२,१३
गीत त्रिताल 'सखी री सुन बानत'	१३,१४
बद्ध आलाप तान	१५,१७
गीत झपताल 'वेद थके मन्त्र'	१७,१७
ध्रुपद, चौताल 'चारों बानी के'	१९,२०
२—राग हंसध्वनि	२१—३०
परिचय और मुक्त आलाप-तान	२१,२२
तालबद्ध आरोह अवरोह तथा अलंकार	२२,२३
गीत त्रिताल 'हौं बिकानी'	२३,२४
गीत त्रिताल 'बृज बसिए'	२४,२५
बद्ध आलाप-तान	२६,२७
गीत झपताल 'सुनिए ऊधो'	२७,१८
ध्रुपद, चौताल 'तू रचे अछूत'	२९,३०
३—राग दुर्गा	३१—३८
परिचय और मुक्त आलाप-तान	३१,३२
तालबद्ध आरोह अवरोह	३२
गीत त्रिताल 'लागी साँवरिया सन'	३३
बद्ध आलाप-तान	३४,३५
गीत झपताल 'तेरो प्रणव रूप'	३५,३६
ध्रुपद, चौताल 'देह धरे'	३७,३८
४—राग सारंग	३९,४९
परिचय और मुक्त आलाप तान	३९,४०
तालबद्ध आरोह अवरोह	४१,४२
गीत त्रिताल 'मुरली बजावे'	४२,४३
बद्ध आलाप तान	४४,४५
गीत झपताल 'गोरी जोबनवा'	४६,४७
ध्रुपद, चौताल 'भो मलीन'	४८,४९
५—राग तिलंग	५०—६०
परिचय और मुक्त आलाप-तान	५०,५१
तालबद्ध आरोह अवरोह	५२,५३
गीत त्रिताल 'ननदिया कैसे'	५३,५४
बद्ध आलाप तान	५५,५६
गीत दादरा 'राधिका तिहारे नैन'	५७,५८
ध्रुपद चौताल 'माने सुख दुःख'	५९,६०

विषय	पृष्ठ संख्या
६—राग भिन्नषड्ज	६६—७२
परिचय और मुक्त आलाप तान	६१,६२
तालबद्ध आरोह-अवरोह	६३,
गीत त्रिताल 'लगनी का पंथ'	६४,६५
गीत त्रिताल 'मरम न जाने'	६६,६७
गीत झपताल 'सैयाँ न ऐसी'	६७,६८
बद्ध आलाप-तान	६९,७०
ध्रुपद-चौताल 'नीके लागे री'	७१,७२
७—राग खमाज	७३—८४
परिचय और मुक्त आलाप तान	७३,७४
तालबद्ध आरोह-अवरोह	७५
गीत त्रिताल 'बिसरत नाहीं'	७६,७७
बद्ध आलाप-तान	७७,८१
गीत झपताल 'पापी पपीहा'	८२,८३
ध्रुपद, चौताल 'बाँसुरी बजाई'	८३,८४
८—राग देश	८५—९६
परिचय और मुक्त आलाप तान	८५,८६
तालबद्ध आरोह-अवरोह	८७,८८
गीत त्रिताल 'पार लगादे रे'	८८,८९
बद्ध आलाप-तान	९०,९२
गीत झपताल 'देखो री न माने'	९३,९४
ध्रुपद, चौताल 'ए री सखी सावन'	९५,९६
९—राग काफी	९७-११२
परिचय और मुक्त आलापतान	९७,९८
तालबद्ध आरोह-अवरोह, सरगम	९९-१०१
गीत त्रिताल 'बार बार समझाय'	१०२,१०३
गीत त्रिताल 'रङ्ग जिन डारो'	१०४,१०५
गीत झपताल 'लाल मुरलिया'	१०६,१०७
बद्ध आलाप-तान	१०८-११०
ध्रुपद, चौताल 'आए री मोरे'	१११,११२
परिशिष्ट	११३—१२४
१—वायलिन का परिचय	११३-११९
१—तबला का परिचय	१२०-१२४

अकारादि-क्रम से गीत-सूची

गीत	पृष्ठ संख्या
१. आए री	१११,११२
२. एरी सखी	९५,९६
३. गोरी जोबनवा	४६,४७
४. चारों बानी के	१९,२०
५. तू रचे अछूत	२९,३०
६. तेरो प्रणव रूप	३५,३६
७. देखो री न	९३,९४
८. देह धरे	३७,३८
९. ननदिया कैसे	५३,५४
१०. नीके लागे	७१,७२
११. प्रथम-नमन	१२,१३
१२. पापी पपीहा	८२,८३
१३. पार लगा दे	८८,८९
१४. बार-बार समझाय	१०२,१०३
१५. बांसुरी बजाई	८३,८४
१६. बिसरत नाहीं	७६,७७
१७. ब्रिज बसिए	२४,२५
१८. भो मलीन	४८,४९
१९. मरम न जाने	६६,६७
२०. माने सुख दुःख	५९,६०
२१. मुरली बजावे	४२,४३
२२. राधिका तिहारे नैन	५७,५८
२३. रंग जिन डारो	१०४,१०५
२४. लगनी का पन्थ	६४,६५
२५. लागी सांवरिया सन	२३
२६. लाल मुरलिया	१०६,१०७
२७. वेद थके	१७,१८
२८. सखी री सुन	१३,१४
२९. सुनिए ऊधो	२७,२८
३०. सैयां न ऐसी	६७,६८
३१. हौं बिकानी	२३,२४

प्रथम संस्करण का निवेदन

विद्यार्थियों को संगीत की शिक्षा सुगमता से और सरलता से दी जाय, इसके लिए अब तक कई एक विचारशील व्यक्तियों ने अपने-अपने अनुभव के अनुसार यत्न किये हैं और कर रहे हैं। यह पुस्तक भी उसी दिशा में यत्न का परिणाम है।

प्रातःस्मरणीय पूज्यपाद पंडित विष्णु दिगम्बरजी ने अपने अवतार-काल में संगीत शिक्षा के विषय में जो नींव डाली और तत्कालीन शिक्षा-प्रणाली में स्वानुभव से जो सुधार किए, उसी मार्ग का अनुसरण करते हुए निजी अनुभव के आधार पर अपने यत्न का परिणाम संगीत के विद्यार्थियों के सामने उपस्थित करना मैं उचित समझता हूँ। यह पुस्तक उन्हीं पूज्यपाद के दिए हुए ज्ञान का अनुभव-फल है।

बिलकुल ही नये, स्वर-ताल से कुतई अनभिज्ञ, किन्तु संगीत सीखने की आतुरता रखने वाले विद्यार्थी तथा जिनके हृदय और कंठ पूर्व संस्कार से संस्कारित हैं, ऐसे इन दोनों प्रकार के विद्यार्थी कम से कम श्रम से अपना विकास कर सकें, इस दृष्टि-बिन्दु को ध्यान में रखते हुए स्वानुभव से जो मार्ग प्रशस्त प्रतीत हुआ उसी के अनुसार प्राथमिक शिक्षण की यह प्रथम पुस्तक गुणी जनों और गुणग्राहक जनता के सामने उपस्थित है।

अब तक प्रकाशित हुई संगीत शिक्षा की प्रणालियों से यह निःसन्देह एक नई प्रणाली प्रतीत होगी। आधुनिक काल में जैसे अन्य विषयों की शिक्षा के सम्बन्ध में नए-नए प्रयोग आज़माए गए हैं और आज़माए जा रहे हैं, उसी प्रकार संगीत के क्षेत्र में भी ऐसे प्रयोगों का अनुभव आवश्यक प्रतीत होता है। जो प्रयोग आपके सामने उपस्थित किया जा रहा है, वह केवल नवीन है ऐसा समझ कर उसकी उपेक्षा न की जाय, ऐसी मैं सानुरोध प्रार्थना करता हूँ। और इस प्रार्थना के साथ यह भी निवेदन करना समुचित समझता हूँ कि दीर्घ काल के मन्थन के पश्चात् एवं संगीत शिक्षा के परिश्रम-पूर्ण स्वानुभव के बाद निकाला हुआ यह निष्कर्ष यदि अमल में रखा जायगा यानी विद्यार्थियों को सिखाकर यदि स्वानुभव लिया जायगा तो सम्पूर्ण श्रद्धा है कि वह अवश्यमेव लाभदायी सिद्ध होगा। इसी आशा और विश्वास के साथ बद्धाञ्जलि होकर आप सब के सामने इस संगीताञ्जलि का प्रथम पुष्प मैं सादर प्रस्तुत करता हूँ।

यदि यह गुणीजन के समादर का पात्र होगा तो इसके अधिक पुष्प जनता पर न्यौछावर करने की मुझे आशा है।

पुस्तकगत नई प्रणाली के सम्बन्ध में दो शब्द कहना आवश्यक है, उचित भी है।

सामान्यतः शुद्ध स्वरों की उच्चार शुद्धि के पश्चात् विद्यार्थियों को राग और उनके गीत सिखाए जाते हैं। आरम्भ में कई लोग बिलावल और उस अंग के कुछ राग सिखाते हैं। कइयों के मत से कल्याण से आरम्भ करना उचित समझा गया है। कई ऐसे भी हैं जो इस विचार से सहमत नहीं होते और प्रचार में जो राग गाये जाते हैं और अधिकतर सुनाई देते हैं, उन सब रागों को शुरू से ही सिखाने के लिए वे आग्रह रखते हैं। अपने-अपने अनुभव के आधार पर सभी प्रणालियों में सत्य के अंश विद्यमान है। इस पुस्तक में उन प्रणालियों का अनुसरण न करते हुए वर्षों से विद्यार्थियों को संगीत-शिक्षा देते समय जिन-जिन कठिनाईयों का मुझे सामना करना पड़ा है उन सबका स्वानुभव-चिन्तन और मनन

अपनी दृष्टि के सामने रखते हुए, आन्तरिक प्रेरणा से जो नाद सुनाई दिया, उसी से प्रेरित होकर संगीत शिक्षा के क्षेत्र में इस नूतन मार्ग का आविष्कार जनता के सामने रख देना मैं अपना कर्तव्य समझता हूं।

इस पुस्तक में सप्त स्वरों का शुद्ध उच्चार साध्य कराने की विधि के बाद सबसे पहले पाँच स्वरों का औडव राग भूपाली विद्यार्थियों को सिखाने के लिए रखा गया है। जिन्हें ईश्वरीय देन है ऐसे विद्यार्थी तो किसी भी राग के स्वरों को गले में बैठा लेते हैं। लेकिन जिन्हें स्वरों का किञ्चित् भी ज्ञान नहीं है, ऐसे विद्यार्थी भूपाली से आरम्भ करके सुविधा से आगे बढ़ सकते हैं। भूपाली में 'सा रि ग प ध सां', 'सां ध प ग रि सा' इन पाँच स्वरों का उपयोग, उनका आरोह-अवरोह, सरल और वक्र अलंकार गले में बैठ जाने के बाद ऐसा ही पाँच स्वरों का दूसरा राग "हंस ध्वनि", जो कर्णाटक प्रदेश में बहुत गाया जाता है, उसे रखा गया है। भूपाली में मध्यम और निषाद छोड़ दिए जाते हैं और हंसध्वनि में मध्यम और धैवत छोड़कर 'ग प', 'पनि', 'धसां' इन स्वर-जोड़ियों का अन्तर विद्यार्थियों को स्पष्ट रूप से ज्ञात कराया जाता है।

इसी ढंग से 'सारि म प धसां', 'सां ध प म रि सा' यह दुर्गा 'सारि म प निसां', 'सां नि॒ प म रि सा' यह सारंग, 'सा ग म प निसां', 'सां नि॒ प म ग सा' यह तिलंग एवं 'सा ग म ध नि॒ सां', 'सां निध म ग सा' यह भिन्नषड्ज इन पाँच स्वरों के औडव रागों का ज्ञान हो जाने से विद्यार्थी सरलता से इन्हीं रागों के निकटवर्ती अन्य राग सुगमता और शीघ्रता से सीख सकते हैं। तिलंग के आरोह अवरोह में क्रमशः धैवत और ऋषभ का प्रयोग करके खमाज और सारंग के अवरोह में 'ग ध' का प्रयोग करके देश राग आसानी से गले में बिठाया जा सकता है। जिन्हें स्वर या लय का तनिक भी ज्ञान नहीं है, ऐसे विद्यार्थियों की अवस्था ध्यान में रखकर ही यह योजना बनाई गई है। अनभिज्ञ विद्यार्थी भी यदि इस मार्ग से संगीत-शिक्षा का लाभ उठा सके हैं और उठा रहे हैं तो जिन्हें ईश्वरीय देन है ऐसे विद्यार्थी तो शीघ्रता से अपना विकास कर ही सकेंगे यह निर्विवाद और सन्देह-रहित सत्य है।

मनुष्य-मात्र का ज्ञान परिमित होने से त्रुटियों से भरा हुआ है। मेरी यह पुस्तक भी दोषमुक्त नहीं होगी। मनुष्य अपनी त्रुटियाँ देख नहीं सकता। सम्भव है मेरी भी उन्हीं अन्धों में गिनाई हो। साथ ही अपनी कृति किसे प्रिय नहीं मालूम देती? गोस्वामी तुलसीदासजी ने क्या सच कहा है—

"निज कवित्त केहि लागि न नीका। सरस होइ अथवा अति फीका॥"

दोष धोने के लिए मेरी यह चेष्टा नहीं है, किन्तु गुणीजनों के सामने दोषनिदर्शन के लिए अनुनय है।

"जड़ चेतन गुण दोषमय, विश्व कीन्ह करतार।
संत हंस गुण गहहिं पय, परिहरि वारि विकार॥"

श्रावण शुक्ल पूर्णिमा, १९९४
ता० ११ ऑगस्ट, १९३८

भवदीय गुणानुरागी—
ओम्कारनाथ गौरीशंकर ठाकुर

द्वितीय संस्करण का निवेदन

प्रभु कृपा से संगीताञ्जलि के प्रथम भाग का यह द्वितीय संस्करण प्रकाशित हो रहा है।

प्रस्तुत पाठ्य-प्रणाली से जिन विद्यार्थियों ने शिक्षा पायी है, उनमें से कई आज काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय स्थित श्री कला संगीत भारती में तथा भारत के अन्य संगीत विद्यालयों में सफलता से अध्यापन कार्य कर रहे हैं। इसकी सफलता का यह भी एक सबल प्रमाण है कि अन्य शिक्षा प्रणाली से शिक्षा पाये हुए अध्यापक भी इससे आकृष्ट होकर इस प्रणाली को अपना रहे हैं और अपना तथा अपने विद्यार्थियों का सुचारु विकास कर रहे हैं।

इसी सफलता से प्रेरित होकर इस प्रणाली के पाठ्यक्रम के सोपान-स्वरूप संगीताञ्जलि के पाँच भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। इतना ही नहीं स्नातकोत्तर कक्षा तक का पाठ्य क्रम पूर्ण करने के लिये अन्य तीन भागों के प्रकाशन की भी योजना है।

प्रस्तुत पाठ्य-क्रम में शिक्षण की प्रारम्भिक अवस्था के लिए रागों के चुनाव के पीछे विद्यार्थियों के क्रमिक विकास को सुगम और सुलभ बनाने की वैज्ञानिक दृष्टि रखी गई है, जो संक्षेप में इस प्रकार है—

शुद्ध स्वरों का बोध हो जाने के बाद सात स्वरों में से 'म – नि', 'म – ध', 'ग – नि' 'ग – ध' 'रि – ध' 'रि – प' ये स्वर-जोड़ियाँ वर्ज्य करके जो राग बनते हैं, उन्हें पाठ्यक्रम में स्थान दिया गया है ताकि विद्यार्थी यह भी समझ सकें कि एक ही स्वरावलि में से कैसे रागों का विकास होता है। इस प्रकार सर्वप्रथम शुद्ध स्वरों के औडव रागों को लिया है। इनमें भी विशेष क्रम इस दृष्टि से रखा गया है कि जिन रागों का पूर्वाङ्ग स्वर-दृष्टि से समान है, उन्हें पास-पास रखा है। राग के पूर्वाङ्ग के स्वर यदि पक्के हो जाते हैं तो उत्तराङ्ग आसान हो जाता है। इस दृष्टि से निम्नलिखित ६ रागों का क्रम रखा गया है :—

	राग नाम	स्वरावलि	वर्ज्य स्वर जोड़ी
१—	भूप	सा रि ग प ध सां	म – नि
२—	हंसध्वनि	सा रि ग प नि सां	म – ध
३—	दुर्गा	सा रि म प ध सां	ग – नि
४—	सरंग	सा रि म प नि सां	ग – ध
५—	तिलंग	सा ग म प ध सां	रि – ध
६—	मिश्रषड्ज	सा ग म ध नि सां	रि – प

इस प्रकार सारंग और तिलंग इन रागों द्वारा शुद्ध स्वरों के अलावा अवरोह में कोमल निषाद का भी परिचय दे दिया गया है। इसके बाद इन्हीं स्वरों में औडव-सम्पूर्ण देश, षाडव-सम्पूर्ण खमाज और कोमल 'गनि' युक्त सम्पूर्ण-सम्पूर्ण काफ़ी को रखा गया है। काफ़ी द्वारा कोमल निषाद के साथ-साथ कोमल गान्धार का भी परिचय विद्यार्थियों को मिल जाता है।

यह तो हुआ प्रथम वर्ष का पाठ्य-क्रम। द्वितीय वर्ष का पाठ्य-क्रम 'संगीताञ्जलि' के द्वितीय भाग में समाविष्ट है। शिक्षकों की रुचि को देखते हुए उसका भी अल्प परिचय यहाँ दे देना अस्थानीय न होगा।

भूप के अवरोह में शुद्ध निषाद और तीव्र मध्यम लगाने से भूपकल्याण की रचना होती है। अवरोह में तीव्र मध्यम लेना सरल होता है, इसलिए तीव्र मध्यम का परिचय देने के लिए भूप कल्याण को स्थान दिया गया है। 'सा – नि' और 'प – म' का अन्तर बिलकुल एक-सा होने के कारण अवरोह में तीव्र मध्यम लेना आसान पड़ता है। इस प्रकार तीव्र मध्यम को सुगम बना लेने के बाद जैमिनि-कल्याण (यमन कल्याण) को स्थान दिया गया है, जिसमें आरोह में भी तीव्र मध्यम का प्रयोग है। इसके बाद बिहाग को रखा है, जिसमें तीव्र 'म' का उल्लत्व और शुद्ध म का बाहुल्य है, जिससे शुद्ध और तीव्र मध्यम को लेने के एक विशेष ढंग का बोध हो जाए। साथ ही बिहाग में 'रि – ध' के अल्पत्व द्वारा रागों में स्वरों के 'अल्पत्व' का एक उदाहरण भी विद्यार्थियों के ध्यान में आ जाता है। इन्हीं स्वरों में हमीर-राग द्वारा गान्धार के वक्र प्रयोग का परिचय दिया गया है। तद्वत् स्थूल मान से काफ़ी के स्वरों में आरोह अवरोह का नियम बदल कर भीमपलासी और बागेश्री का शिक्षण देना सुगम होता है। रागेश्री को सामान्यतः कठिन रागों में माना जाता है, क्योंकि उस का प्रचार कम है। किन्तु भिन्नषड्ज की पूर्व पीठिका रहने से रागेश्री का बोध सरल ढंग से दिया जा सकता है। भिन्न षडज में शुद्ध मध्यम की जगह तीव्र मध्यम रखने से हिंडोल बन जाता है। आगामी वर्षों के पाठ्य-क्रम में आनेवाले पूरिया, मारवा, सोहनी इत्यादि रागों की पूर्व भूमिका तैयार करने के लिए हिण्डोल का परिचय दिया गया है। अन्त में कोमल 'रे ध' का परिचय देने के लिए भैरवी को रखा गया है। भैरवी का अधिक प्रचार होने के कारण उसकी स्वर-रचना को साध्य करना सहज होता है। और इस प्रकार अनायास कोमल 'रिध' का परिचय विद्यार्थियों को मिल जाता है।

इसी प्रकार स्नातकोत्तर कक्षा तक यानी एम. म्यूज़ (संगीताचार्य) डिग्री तक का पाठ्य-क्रम वैज्ञानिक रीति से बनाया गया है, जिसके अनुसार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित श्री संगीत भारती में शिक्षण-क्रम चल रहा है। इस युग में संगीत शिक्षण के प्रति जो चाव बढ़ रहा है उसे देखते हुए पूर्ण आशा और विश्वास है कि इस पाठ्य-प्रणाली का अधिकतर प्रसार होगा और अधिकाधिक व्यक्ति इसका लाभ उठायेंगे।

आजकल रागों का परिचय देने में 'वादी-संवादी' इत्यादि पारिभाषिक शब्दों का उपयोग किया जाता है। वास्तव में यह स्वर-भाषा है, राग-भाषा नहीं। इसलिए हमने प्राचीन 'ग्रह अंश न्यास' इत्यादि वाली पद्धति अपनाई है। किन्तु प्रस्तुत-पुस्तक में रागों का परिचय देते समय जानबूझ कर ग्रह, अंश, न्यास आदि राग लक्षणों का भी प्रयोग नहीं किया है, क्योंकि शिक्षण की प्रारम्भिक अवस्था में इन्हें समझना विद्यार्थियों के लिए कठिन होता है। इनका परिचय द्वितीय भाग में दिया गया है।

प्रस्तुत संस्करण में शिक्षक तथा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पारम्भिक शास्त्रीय परिचय भी जोड़ दिया गया है जिसकी भाषा सरल रखी है। गीतों के ताल-बद्ध आलाप-तान जो प्रथम संस्करण के परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित किए

गये थे, उन्हें इस संस्करण में मूल पुस्तक के साथ ही यथा-स्थान रख दिया गया है। रागों के मुक्त आलाप तानों को प्रथम संस्करण में अन्त में एक साथ दिया गया था, किन्तु इस बार उन्हें प्रत्येक राग के परिचय के साथ-साथ दे दिया है। आशा है इससे शिक्षकों और विद्यार्थियों को सौकर्य होगा।

वायलिन जैसे वाद्य पर गायकी अंग की ही प्रधानता रहती है, इसलिए उसका और उसकी वादन-शैली का प्रारम्भिक परिचय परिशिष्ट के रूप में दिया गया है। तद्वत् ताल के ज्ञान के लिए तबला और उसके वादन का प्रारम्भिक परिचय कंठ संगीत और वाद्य संगीत दोनों के विद्यार्थियों के लिए समान रूप से आवश्यक होता है, इसलिए उसे भी परिशिष्ट के रूप में दे दिया गया है। वायलिन तथा तबला के परिशिष्ट को प्रस्तुत करने का भार वहन करने के लिए श्री कला संगीत भारती के वाद्य विभाग के रीडर तथा उदय शंकर नृत्य मंडली के भूतपूर्व कम्पोज़र एवं कन्डक्टर पंडित लालमणि मिश्र संगीत प्रवीण हमारे हार्दिक धन्यवाद के पात्र हैं।

मेरे अन्य प्रकाशनों के सदृश इस द्वितीय संस्करण का सारा भार डा० प्रेमलता शर्मा एम. ए. पी-एच. डी. साहित्याचार्य, संगीतालंकार, रीडर थियरी एवं रिसर्च श्री कला संगीत भारती और चि० सुभद्रा कुमारी ने उठाया है। मैं उन्हें हार्दिक कल्याण आशीष देता हूँ।

शनिवार, पौष शुक्ल दुर्गाष्टमी,
वि० सं० २०१५
१७ जनवरी, १९५९

निवेदक :—
ओम्कारनाथ ठाकुर

संगीतलिपि-चिह्न परिचय

(१) वेद-परंपरानुसार तीनों स्थानों (सप्तकों) के चिह्न—

सारिगम	—	मध्य सप्तक	—	कोई चिह्न नहीं।
सारिगम	—	मन्द्र ,,	—	नीचे पड़ी रेखा॥
सारिगमं	—	तार ,,	—	ऊपर खड़ी रेखा।

(२) विकृत स्वर (कोमल, तीव्र दोनों) रि् ग् म्—हलन्त।

(३) कण या स्पर्श स्वर— म प म रि म प, ऊपर लिखे हुए स्वर को छू कर नीचे के स्वर का उच्चार करना होगा। ये उच्चार गुरुमुख से अवश्य सीख लेने चाहिए।

(४) मात्रा-विभाग तथा ताल-विभाग—

स्वरों के सामने पतली खड़ी लकीर, यह एक मात्रा की सीमा है। यथा—

सा	रि	ग	म	प

इस खड़ी लकीर के अन्दर एक, तीन या चार जितने भी स्वर हों उसके अनुसार प्रत्येक स्वर की १, ½, ⅓ या ¼ मात्रा समझनी चाहिए। यथा—

सारि	गम	पध	निसा	सारिग	रिगम	गमप	सारिगम	पधनिसा

एक मात्रा के अन्तर्गत अन्य हिस्से यों समझे जा सकते हैं :—

सा – – सा	सारिग –	ग – रिसा	गरि – सा	– ग रि सा	सारि – –

जैसे एक मात्रा के दो, तीन या चार समान हिस्से बनाए गए उसी प्रकार छः आठ हिस्से भी बनाए जा सकते हैं, किन्तु आरंभ में इनकी आवश्यकता नहीं होती।

खड़ी मोटी लकीर ताल का विभाग दिखाती है—

| सा | रि | ग | म |

(५) ताल-चिह्न—

× — सम

० — खाली

जिन-जिन मात्राओं पर ताली पड़ती है, उन-उन की संख्या लिखी गई है। जैसे त्रिताल में, ५, १३।

(६) जिन स्वरों के नीचे ब्रेकेट हो उन्हें शीघ्रता से मुरकी के रूप में बोलना चाहिए। यथा—ध़पप ध़धपप।

शिक्षकों को सूचना

१—स्वर-ज्ञान देते समय जहाँ तक हो सके तानपूरे की ही सहाय लीजिए।

२—अनिवार्य अवस्था में यदि हारमोनियम की मदद लेनी पड़े तो मन्द्र-'सा', मन्द्र-'प' और मध्य 'सा' इन तीन स्वर स्थानों का ही उपयोग कीजिए।

३—आरम्भ में विद्यार्थी से मध्य-'सा' का दीर्घ उच्चार करवाईए और वह नाद गले में स्थिर होने दीजिए। उसके बाद मध्य पञ्चम और तार षड्ज उसी प्रकार गले से लगवाइए और वह तीनों स्थान विद्यार्थी के मन में और कान में दृढ़ होने दीजिए।

४—'सा, प, सा' इन तीन स्वरों की शुद्धि के बाद अष्टक का पूर्वाङ्ग 'सा रि ग म' इन चार स्वरों को सिखाना उचित होगा। इन स्वरों के शुद्ध उच्चार के बाद उत्तराङ्ग यानी 'प ध नि सां' बड़ी असानी से विद्यार्थी के गले में बैठ जायगा क्योंकि 'प ध नि सां' यह 'सा रि ग म' का ही प्रतिरूप है।

५—सप्त-स्वरों की शुद्धि के बाद पुस्तक में दिए हुए तालबद्ध अलंकार सिखाने चाहिए। तालबद्ध अलंकार सिखाने से लय, ताल और उलटे-सुलटे स्वर इनका विद्यार्थी को प्रारम्भिक बोध हो जायगा।

६—अलंकारों के बाद सप्त स्वरों का आरोह-अवरोह कराते समय विद्यार्थी के मुख से ही मध्यम और निषाद वर्ज्य करवाइए। यों करने से भूपाली राग का ढाँचा तैयार होगा और विद्यार्थी समझ सकेगा कि उसे किस नियम का पालन करना है।

७—भूपाली की तालबद्ध सरगम और त्रिताल के गीत सिखाने के बाद क्रमशः हंसध्वनि, दुर्गा, सारंग, तिलंग, भिन्न-षड्ज, देश, खमाज और काफ़ी इन रागों की तालबद्ध सरगम और त्रिताल के गीत सिखाइए।

८—प्रस्तुत पुस्तक में दिए गए नौ रागों के त्रिताल के गीत सिखाने के पश्चात् क्रमशः झपताल के गीतों को आरम्भ कराना उचित होगा। किन्तु इन झपताल के गीतों को शुरू करने से पहले जब जिस राग का झपताल का गीत सिखाना हो उसके मुक्त आलाप-तान जो राग परिचय के साथ ही दिए हुए हैं उन्हें कंठस्थ करा लेना चाहिए। भावी विकास की यही नींव है क्योंकि इसी के सहारे राग का विस्तार करने की शक्ति बढ़ेगी।

९—नौ रागों के मुक्त आलाप-तान और झपताल के गीत याद होने के बाद चौताल के ध्रुपदों की शिक्षा देते समय त्रिताल एवं झपताल के गीतों की द्विगुण सिखाना अवश्य ही लाभदायी होगा।

१०—सिखाते समय स्वयं गाइए और विद्यार्थी से अनुकरण करवाइए। भिन्न-भिन्न नाद के उच्चार को परखवाइए। शिष्य को अपने साथ गाने से रोकिए। कंठ माधुर्य, स्वर-लीनता एवं लय की तरफ स्वयं ध्यान दीजिए और विद्यार्थी का ध्यान खींचिए। गला फाड़ना, मुँह बिगाड़ना, नाक से आवाज़ निकालना, दबे स्वर से गाना वग़ैरह दोषों से विद्यार्थी को बचाइए।

११—शास्त्रीय परिचय के अन्तर्गत दिए हुए प्रारम्भिक विषयों को सप्रयोग विद्यार्थियों को समझाइए।

१२—मात्रा, लय, ताल आदि की व्याख्या, तालों के ठेके वग़ैरह बातें भी विद्यार्थियों को सिखाना आवश्यक और लाभदायी है।

कुछ तालों के ठेके

त्रिताल

मात्रा १६ विभाग ४ — ताली १, ५, १३ खाली ९

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
बोल	धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	तिं	धा
	×				५				०				१३			

झपताल

मात्रा १० विभाग ४ — ताली १, ३, ८ खाली ६

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
बोल	धी	ना	धी	धी	ना	ती	ना	धी	धी	ना
	×		३			०		८		

एकताल

मात्रा १२ विभाग ६ — ताली १, ५, ९, ११ खाली ३, ७

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
बोल	धीं	धीं	धा	तृक्	तू	ना	क	त्ता	धा	तृक्	धी	ना
	×		०		५		०		९		११	

दादरा

मात्रा ६ विभाग २ — ताली १, खाली ४

मात्रा	१	२	३	४	५	६
बोल	धा	धी	था	धा	तू	ना
	×			०		

चौताल (चारताल)

मात्रा १२ विभाग ६ — ताली १, ५, ९, ११ खाली ३, ७

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
बोल	धा	धा	दिं	ता	किट	धा	दि	ता	किट	तक	गदि	गन
	×		०		५		०		९		११	

रूपक

मात्रा ७, विभाग ३ — ताली ४-६, खाली १

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७
बोल	ती	ती	ना	धी	ना	धी	ना
	०			४		६	

सूलताल

मात्रा १० विभाग ५ — ताली १, ५, ७ खाली ३-९

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
बोल	धा	धा	दिं	ता	किट	धा	किट	तक	गदि	गन
	×		०		५		७		०	

धमार

मात्रा १४ विभाग ६ — ताली १, ६, ११ खाली ४, ८, १३

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
बोल	त	धि	ट	धि	ट	धा	–	क	ति	ट	ति	ट	ता	–
	×			०		६		०			११		०	

नोट :—रूपक, सूलताल और धमार ये तीनों ताल द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम में हैं ; यहाँ केवल परिचय की दृष्टि से उन्हें दे दिया गया है ।

शास्त्रीय परिचय

संगीत

आजकल हम लोग "संगीत" को उसी अर्थ में समझने लगे हैं जिसमें अंग्रेजी का Music शब्द समझा जाता है। वह अर्थ है गान या वादन। साधारणतः लोगों में यही धारणा है कि संगीत का अर्थ है केवल गाना या बजाना। Music में नृत्य को स्थान नहीं दिया जाता। उसी प्रकार हम लोग भी 'संगीत से' गाने बजाने का ही अर्थ लेने लगे हैं। लेकिन हमारे भारतीय संगीत के पुराने शास्त्र ग्रन्थों में संगीत की जो परिभाषा दी हुई है वह ऊपर लिखे अर्थ से कुछ अधिक व्यापक है। वहाँ कहा है—

"गीतं वाद्यं तथा नृत्तं त्रयं संगीतमुच्यते"

अर्थात् गाना बजाना और नृत्त या नृत्य इन तीनों को संगीत कहा जाता है। "गीत" में 'सम्' उपसर्ग लगाने से संगीत बनता है, जिसका अर्थ है सम्यक् गीत। इस प्रकार "संगीत" में गीत वाद्य और नृत्त[1] या नृत्य तीनों का समावेश है।

"संगीत" के इन तीनों अंगों में से गीत को ही प्रमुख माना गया है। गीत की प्रधानता के लिए कहा गया है—

"नृत्यं वाद्यानुगं प्रोक्तं वाद्यं गीतानुवर्त्ती च।"

अर्थात् नृत्य वाद्य का अनुगामी होता है और वाद्य गीत का अनुवर्ती है यानी उसके पीछे-पीछे चलता है! इस कथन को नीचे लिखे ढंग से समझ सकते हैं।

नृत्य को मृदंग या तबला जैसे ताल वाद्यों और कुछ अन्य वाद्यों के सहारे की ज़रूरत रहती ही है। इसलिए यह कहा गया है कि नृत्य वाद्य का अनुगमन करता है या उसके पीछे-पीछे चलता है। वाद्य की गीत का अनुगामी या पीछे चलने वाला कहा गया है। इसे दो तरह से समझा जा सकता है। एक तो यह कि जब गाना और बजाना एक साथ होता है तब वाद्य पर गान का ही अनुसरण किया जाता है। प्राचीन काल में गाने की संगत के लिए ही वाद्यों का मुख्य उपयोग होता था। आज जब कि वाद्यों का स्वतन्त्र रूप से बजाया जाना अधिक प्रचार में आ गया है तब भी वाद्य को गीत का अनुगामी इस प्रकार समझा जा सकता है कि बजाने वाला व्यक्ति जिन स्वरों या स्वर समूहों को बजाता है, उनको अपने भीतर ही भीतर गाने के रूप में कल्पना ज़रूर करता है और मन ही मन गुनगुनाता है। इस प्रकार वाद्य का आदर्श गला या गान ही रहता है।

---

१. नृत्त और नृत्य को संक्षेप में यों समझ लें कि नृत्त में केवल हाथ पैर की उछल कूद आदि शारीरिक चेष्टाएँ होती हैं और नृत्य में शारीरिक चेष्टाओं के होते हुए भी अभिनय की प्रधानता रहती है।

आज के प्रचार में 'संगीत' में गीत और वाद्य का ही स्थान रह गया है, नृत्य को पृथक् कर दिया गया है। यों तो गान या वादन के समय सुनने वालों का ध्यान गान या वादन की ध्वनि की ओर अधिक रहता है, किन्तु यह भी सत्य है कि गायक के चेहरे पर झलकने वाले भावों से और उसके हाथ चलाने के ढंग से राग के और गीत के भाव का दर्शन होता है। राग और गीत के भाव को अभिव्यक्त करने के लिए गायक को अभिनय का सहारा लेना पड़ता है और इस प्रकार स्वर, लय और अभिनय मिलकर ही गीत को पूर्ण बनाते हैं और वही "संगीत" कहलाता है। शायद इसीलिए अभिनय का महत्त्व स्वीकार करते हुए शास्त्रकारों ने नृत्य का संगीत में समावेश किया है। दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि नृत्त या नृत्य वाद्य और गीत पर निर्भर है, इसीलिए उसे वाद्य और गीत के साथ-साथ रख दिया हो।

गीत की प्रमुखता को कुछ भिन्न शब्दों में फिर से समझ लें। जो विद्यार्थी कोई वाद्य थोड़ा सा भी बजाते होंगे वे इस बात को बहुत आसानी से समझ जायेंगे कि कोई भी वाद्य बजाते समय हम हमेशा मन में सोचते या गुनगुनाते रहते हैं, और मन में जो सोचते या गुनगुनाते है वही हम बजाते हैं। इस तरह गाने का ही अनुकरण बजाने में होता है, चाहे वह केवल स्वर हों या गीत के शब्द हों, या गत के वर्ण हों। नृत्य में वाद्य का सहारा तो ज़रूरी होता ही है, साथ ही गीत के अर्थ या भाव को अभिनय द्वारा स्पष्ट करने का भी ध्यान रखा जाता है। इस तरह भी नृत्य, गीत का सीधा अनुसरण करता है। साथ ही नृत्य को वाद्य का और वाद्य को गान का अनुगामी बताकर भी गान को ही प्रमुखता दी गई है।

संगीत के मुख्य तत्त्व या उपकरण

संगीत में हम मुख्य रूप से दो विशेषताएँ समझते हैं--एक तो ध्वनि की मधुरता या कर्णप्रियता और दूसरे काल की नियमित गति। ध्वनि यदि कानों को सुनने में रंजक न लगे तो उसे हम संगीत के उपयुक्त नहीं मानते।

इसी तरह यदि कोई नियमित गति न हो तो भी संगीत नहीं बन सकता। इन्हीं दोनों बातों को संगीत की भाषा में स्वर और लय कहते हैं और संगीत के यही दो मुख्य तत्त्व हैं। अब हम स्वर और लय सम्बन्धी विषयों को क्रम से अलग-अलग समझ लें।

स्वर सम्बन्धी विषय

नाद

संगीत के प्राचीन ग्रन्थों में स्वर को समझाने से पहले नाद की ही व्याख्या की गई है। आज भी हम पहले नाद को समझ कर ही स्वर की बात करते हैं क्योंकि स्वर का आधार नाद ही है और इस प्रकार वही संगीत का भी आधार है। इसलिए पहले नाद को अच्छी तरह समझ लेना ज़रूरी है।

"नाद" शब्द का दो रूपों में प्रयोग होता है—एक उसके व्यापक अर्थ में और दूसरा संकुचित अर्थ में। प्राचीन ग्रन्थकारों ने नाद को व्यापक अर्थ में ही समझाया है। आजकल नाद से जो अर्थ लिया जाता है, वह उसका संकुचित रूप है। नाद के व्यापक रूप में सभी प्रकार की ध्वनि आ जाती है चाहे वे संगतोपयोगी हों या न हों, रंजक हों या कर्णकटु

हों। प्राचीनों ने नाद के दो भेद किए—आहत और अनाहत। किसी भी प्रकार के आघात या घर्षण से जो ध्वनि उत्पन्न होती है वह "आहत नाद" होता है। इसमें मनुष्य, पशु-पक्षी—वाद्य की आवाज़, बर्तन की झनझनाहट, खटपट, झरने की कलकल ध्वनि आदि इस जगत् में सुनाई देने वाली प्रत्येक ध्वनि आ जाती है। अनाहत नाद स्थूल या भौतिक नहीं है, इसलिए उसे मनुष्य की इन्द्रियों द्वारा ग्रहण नहीं किया जा सकता, वह योगी जनों को समाधि में ही सुनाई देता है। यह नाद इन्द्रियातीत है यानी उस अवस्था में यह सुनाई देता है जब इन्द्रियों का बन्धन छूट जाता है।

आहत और अनाहत नाद को ऊपर हमने जिस तरह समझ लिया उससे यह स्पष्ट है कि संगीत में आहत नाद का ही उपयोग होता है। आज के प्रचार में नाद शब्द का संकुचित अर्थ में प्रयोग होता है। ध्वनि दो प्रकार की मानी जाती है—एक वह जो संगीतोपयोगी हो और दूसरी वह जो संगीत के लिए उपयोगी न हो। इनमें से पहली को हम नाद और दूसरी को राव की संज्ञा देते हैं। नाद के अन्तर्गत गाने या वाद्य की ध्वनि आ जाती हैं और राव में अन्य सभी ध्वनियाँ जैसे शोरगुल, खट-खट, पट-पट आदि रहतीं हैं। नाद और राव दोनों ही आहत नाद के अन्तर्गत आ जाते हैं।

अब प्रश्न यह होता है कि हरेक ध्वनि मधुर क्यों नहीं होती? क्यों कोई मधुर होती है और कोई नहीं, इसे भी अच्छी तरह समझ लें। जिस ध्वनि में नियमितता, स्थिरता और अनुरणन या झंकार होती है, वही ध्वनि संगीतोपयोगी हो सकती है। नियमितता को ज़रा समझ लें।

किसी भी ध्वनि के उत्पन्न होते समय उत्पन्न करने वाले द्रव्य और वायुमण्डल दोनों में कम्पन या आन्दोलन होते हैं। कम्पन का विषय संगीताञ्जलि के चौथे भाग में विस्तार से दिया गया है। यहाँ इतना ही समझ लेना काफ़ी होगा कि जब कम्पन प्रति सेकण्ड में नियमित गति से होते हैं तब वह ध्वनि संगीतोपयोगी होती है, अन्यथा नहीं। ध्वनि की स्थिरता का भी यही रहस्य है। नियमितता के साथ-साथ अनुरणन भी आवश्यक होता है क्योंकि मधुरता उसी से आती है। उदाहरण के लिए भोंपे की आवाज़ में काफ़ी देर तक नियमितता तो रहती है, लेकिन वह ध्वनि मधुर नहीं लगती कारण उसमें अनुरणन नहीं होता।

नियमितता का एक और उदाहरण देख लें। बातचीत करते समय हमारी आवाज़ अनियमित गति से ऊपर नीचे होती रहती है इसलिये हम उसे संगीत नहीं कहते लेकिन 'सा' लगाते ही आवाज़ में एक प्रकार की स्थिरता आ जाती है और साथ-साथ मधुरता भी रहती है इसीलिये वह संगीतोपयोगी आवाज़ कहलाती है। अनुरणन के लिये घंटे का उदाहरण प्रसिद्ध है। घंटे पर टकोर लगाते ही उसमें से अनुरणन वाली ध्वनि निकलती है जो काफ़ी देर तक सुनाई देती है। कर्णकटु झनझनाहट की अपेक्षा इस अनुरणन की मधुरता सभी लोग जानते हैं। उसी प्रकार वीणा के तार पर आघात करने से भी झंकार निकलती है जो कर्णमधुर होती है। उसी प्रकार गज़वाले वाद्यों से कुछ अधिक देर तक सुनाई देने वाली अनुरणनयुक्त ध्वनि निकलती है।

नाद के तीन गुण

संगीतोपयोगी ध्वनि को एक दूसरी से अलग कैसे समझा और पहचाना जाता है यही स्पष्ट करने के लिये नाद के नीचे लिखे तीन गुण माने गये हैं:—

१. तारता या ऊँचा-नीचापन (Pitch)

२. तीव्रता या छोटा-बड़ापन (Amplitude)

३. विशेष गुण (Quality or timbre)

तारता—एक स्वर से दूसरा स्वर कितना ऊँचा या नीचा है यही बात नाद की तारता द्वारा समझी जाती है। विद्यार्थी इसे बहुत आसानी से समझ जायँगे क्योंकि इसकी शिक्षा आरम्भ से ही दी जाती है। हम जब 'सा रि ग म प ध नि सा' ये स्वर गाते हैं तो जानते हैं कि 'सा' से 'रि' ऊँचा है, 'रि' से 'ग' और इसी क्रम से सभी स्वर ऊँचे चढ़ते जाते हैं। इसी बात को यों भी कह सकते हैं कि 'रि' से 'सा' नीचा है 'ग' से 'रि' 'म' से 'ग' और इसी प्रकार क्रमशः हरेक स्वर अपने से आगे-आगे वाले स्वर से नीचा होता है। स्वरों में यह आपस का ऊँचा नीचापन ही नाद के तारता गुण से प्रकट किया जाता है।

तीव्रता—हम जानते हैं कि कोई आवाज़ अधिक दूर तक सुनाई देती है और कोई कम दूरी तक। स्वर के ऊँचे नीचेपन से इसे पृथक् समझना चाहिये। एक ही ऊँचाई का स्वर धीरे से गाने पर कम दूरी तक सुनाई देता है और ज़ोर से गाने पर अधिक दूरी तक। इसे यों भी समझ सकते हैं कि किसी स्वर में मिले हुए तार को यदि धीरे से छेड़ेंगे तो कम दूर तक सुनाई देने वाली ध्वनि निकलेगी और ज़ोर से छेड़ेंगे तो स्वर की ऊँचाई वही रहते हुए भी अधिक दूर तक सुनाई देने वाली ध्वनि निकलती है। इस प्रकार ध्वनि का विस्तार उसके ऊँचे-नीचेपन से काफ़ी हद तक स्वतन्त्र रहता है यानी ऐसी बात नहीं है कि स्वर के ऊँचे नीचेपन के साथ-साथ उसकी तीव्रता भी उतनी ही बढ़ती या घटती रहे।

विशेष गुण—ऊपर बताए हुए दोनों लक्षणों से यह बिलकुल स्वतन्त्र है। किसी भी ध्वनि के कान में पड़ते ही हम तुरन्त पहचान लेते हैं कि यह ध्वनि किसी मनुष्य के गले से निकली है, पशु पक्षी की है, किसी वाद्य की है अथवा किसी बर्तन की है अथवा और किसी तरह की। इतना ही नहीं हम बिना देखे यह भी बता देते हैं कि यह फ़लाने आदमी की आवाज़ है। कौए और कोयल का रूप-रंग लगभग एक सा होता है। लेकिन आवाज़ सुनते ही हम फ़ौरन पहचान लेते हैं कि कौन कोयल है और कौन कौआ। इसी प्रकार संगीतोपयोगी ध्वनि में भी मनुष्य-कंठ, इसराज़, सहनाई, तानपूरा, बाँसुरी, तबला आदि में से किसकी आवाज़ है यह हम बिना देखे बता देते हैं। इसके लिए स्वर की तीव्रता या तारता को ध्यान में लेने की ज़रूरत नहीं होती। नाद का यही लक्षण उसका विशेष गुण या जाति कहलाता है। इसी को अंग्रेज़ी में Quality अथवा Timbre कहते हैं।

सप्त स्वर :—प्रमुख संगीतोपयोगी नाद या स्वर सात हैं, जिनके संस्कृत नाम नीचे लिखे हैं। साथ ही इन स्वरों के व्यावहारिक नाम भी दे दिये गए हैं।

संस्कृत नाम :—१. षड्ज, २. ऋषभ, ३. गान्धार, ४. मध्यम, ५. पंचम, ६. धैवत, ७. निषाद।
व्यावहारिक नाम १. सा, २. रि, ३. ग, ४. म, ५. प, ६. ध, ७. नि।

स्वरों का आरोह-अवरोह-क्रम :—स्वरों को गाने या बजाने में दो क्रम रहते हैं, एक चढ़ने का और दूसरा उतरने का। चढ़ने को "आरोह" कहते हैं, जिसमें क्रमशः बढ़ती हुई ऊँचाई वाले स्वर लिए जाते हैं। उतरने को "अवरोह" कहते हैं जिसमें क्रमशः घटती हुई ऊँचाई के स्वर लिए जाते हैं। इस प्रकार सा रि ग म प ध नि, यह आरोह-क्रम है और नि ध प म ग रि सा यह अवरोह-क्रम है।

सप्तक और अष्टक :—'सा रि ग म प ध नि' इन सात स्वरों के समूह को सप्तक कहते हैं। लेकिन गाते या बजाते समय 'सा रि ग म प ध नि' इतना कहने के बाद अगले सप्तक का आरम्भक सा जोड़कर हम प्रयोग करते हैं, और इस प्रकार 'सा रि ग म प ध नि सां' यों आठ स्वरों का समूह ही प्रयोग में लिया जाता है जिसे "अष्टक" कहते हैं।

पूर्वाङ्ग और उत्तराङ्ग :—संगीत में 'सा रि ग' इन तीन स्वरों की आपसी ऊँचाई की जो अवस्था है, करीब-करीब वही अवस्था 'प ध नि' की है। अर्थात् 'सा रि ग' कहने के बाद अगर 'प ध नि' कह कर देखें और 'प' को 'सा' मान कर 'प ध नि' की जगह 'सा रि ग' कहें तो इन तीन स्वरों की आपसी ऊँचाई भी स्थूल रूप से वैसी ही सुनाई देगी जैसी कि शुरू में 'सा रि ग' की सुनाई दी थी। अब 'सा रि ग' के आगे 'म' को जोड़ देने से चार स्वरों का एक एक टुकड़ा बन जाता है और उसी प्रकार 'प ध नि' के आगे 'सां' के जोड़ने से उसी का प्रतिरूप जैसा अन्य टुकड़ा बन जाता है। इस प्रकार स्वर के अष्टक के ये दो समान टुकड़े हुए। इनमें से पहले टुकड़े यानी 'सा रि ग म 'को पूर्वाङ्ग, और 'प ध नि सां' को उत्तराङ्ग कहते हैं।

तीन स्थान या सप्तक—संगीत में मुख्यरूप से तीन स्थान या सप्तक माने गए हैं, जिन्हें मन्द्र, मध्य, और तार कहते हैं। इनमें से मध्य सप्तक के आधार पर ही मन्द्र और तार क. समझा जाता है। गाने में अपनी आवाज़ के अनुसार हम जहाँ से आरंभ करके आसानी से गा सकते हैं, वहाँ से जो स्वर सप्तक बनता है वह मध्य-सप्तक कहलाता है। उससे नीचे का सप्तक मन्द्र और ऊपर का तार कहलाता है। तार सप्तक की ऊँचाई मन्द्र से दुगुनी और मन्द्र सप्तक की ऊँचाई मध्य से आधी होती है।

शुद्ध-विकृत-स्वर—स्वर दो प्रकार के होते हैं--एक शुद्ध और दूसरे विकृत। जो स्वर प्राकृत हों, सहज हों, शिक्षा में सुलभ हों, उन्हें शुद्ध कहते हैं। हमारे यहाँ बिलावल अंग और कर्णाटक में शंकराचरण मेल के नाम से जो परिचित हैं, पश्चिम में जिसे (Natural Scale) नेचरल स्केल कहते हैं, वे ही शुद्ध स्वर हैं, और ये स्वर ही इमारे यहाँ सर्वप्रथम सिखाये जाते हैं। यही स्वर जब अपने नियत स्थान से ऊपर उठते हैं या नीचे उतरते हैं तो वे उस बदले हुए रूप में विकृत स्वर कहलाते हैं। शुद्ध स्वर जब अपने नियत स्थान से नीचे उतरते हैं। तब कोमल कहलाते हैं और जब ऊपर चढ़ते हैं तब तीव्र नाम पाते हैं। 'रि ग ध' और 'नि' ये चार स्वर नीचे उतर कर कोमल बनते हैं, और 'म' अपने स्थान से ऊपर चढ़कर तीव्र 'म' कहलाता है।

सात स्वरों में से 'सा' और 'प' ये दो स्वर कभी भी अपने स्थान से नहीं हटते, इसलिए इन्हें अचल स्वर कहा जाता है। शेष पाँचों स्वर 'रि ग म ध नि' विकृत बनते हैं, इसलिए इन्हें चल स्वर कहते हैं।

स्वर-संवाद--कुछ स्वर जोड़ियाँ ऐसी होती हैं जिनका मेल कानों को मधुर मालूम पड़ता है जब किन्हीं दो स्वरों का एक ही समय पर साथ प्रयोग करने से दोनों का सम्बन्ध प्रिय मालूम दे, मधुर लगे, तो ऐसा कहा जाता है कि दोनों में परस्पर संवाद है। संगीत की प्रचलित भाषा में यों भी कहा जाता है कि अमुक दो स्वर आपस में मिल जाते हैं। यह 'मिल जाना' या स्वरों का आपसी मधुर सम्बन्ध ही "स्वर-संवाद" कहलाता है। संवाद को प्रत्यक्ष देखने सुनने के लिए यों कर सकते हैं कि तानपूरे पर 'सा' और 'प' के तार को एक के बाद एक तुरन्त छेड़ें। इस प्रकार पहले तार की गूँज दूसरे तार के बजने तक बनी रहती है, और दोनों तारों की ध्वनि आपस में कैसी मिलती है यह सुनकर समझा जा सकता

है। हारमोनियम पर 'सा' 'प' के पर्दों पर दो अँगुलियाँ रखकर इन्हीं दो स्वरों की ध्वनि, एक साथ भी सुनी जा सकती है और इनका परस्पर संवाद जाँचा जा सकता है।

संसार भर के संगीत में मुख्य स्वर-संवाद दो ही माने गए हैं--एक 'सा – प' और दूसरा 'सा – म'। यानी ये दो स्वर-जोड़ियाँ मुख्य रूप से संवाद-सम्बन्ध से युक्त हैं। 'सा – प' संवाद ही का दूसरा रूप 'प – सां' बनता है यानी 'प' से तार के 'सा' तक की स्वर-जोड़ी मिलाई जाए तो वह 'प – सां' संवाद कहलाएगा। 'प – सां' संवाद ही 'सा – म' संवाद की भूमिका है। 'सा – म' और 'म – सां' उसी प्रकार दूसरे रूप में 'सा – म' और 'सा – प' संवाद को दिखाते हैं।

वर्ण, अलंकार या पलटा

वर्ण--संगीत में किस प्रकार स्वरों का अलग-अलग ढंग से प्रयोग होता है, यही समझाने के लिए 'वर्ण' शब्द का शास्त्रों में प्रयोग हुआ है। स्वरों के प्रयोग मुख्य रूप से चार प्रकार किए जाते हैं —

१--या तो हम एक ही स्वर को लम्बा करते हैं, जैसे--सा – – –, या एक ही स्वर को बार-बार गाते हैं जैसे--'सा सा सा'। ये दोनों क्रियाएँ स्थायी वर्ण में आती हैं।

२--या हम एक के बाद एक स्वर चढ़ते जाते हैं, जैसे --'सा रि ग म'। इसे आरोही वर्ण कहते हैं।

३--या हम उपर लिखी तीनों क्रियाओं को मिलाकर स्वरों का प्रयोग करते हैं, जैसे--'सारिगम मगरिसा'। इस प्रकार की उलट-सुलट क्रिया को संचारी वर्ण कहते हैं। स्वरों की सब क्रिया इन चारों वर्णों में आ जाती है, क्योंकि गाने बजाने में हम या तो एक स्वर पर ठहरते हैं, या उसका बार-बार उच्चार करते हैं, या स्वरों की आरोह गति रखते हैं, या अवरोह गति से चलते हैं, या इन तीनों क्रियाओं को मिलाकर बरतते हैं।

अलंकार या पलटा--ऊपर बताए हुए वर्णों के अनुसार जब किसी निश्चित क्रम को अपना कर कोई स्वर-रचना बनाई जाती है, तब उसे "अलंकार" कहते हैं। इसी को प्रचार में पलटा भी कहते हैं, जैसे--'सा रि ग' यह आरोही वर्ण का एक टुकड़ा है। इसी टुकड़े के क्रम को अपना कर 'सा रि ग', 'रि ग म', 'ग म प', 'म प ध', 'प ध नि' इत्यादि टुकड़ों की जब एक लड़ी-सी बनाई जाती है तब उसे अलंकार कहते हैं। शुरू में स्वर-ज्ञान पक्का कराने के लिए भिन्न-भिन्न अलंकारों का शिक्षण में बहुत महत्त्व रहता है।

राग के मुख्य तत्त्व--अलंकारों के अभ्यास से स्वर का और लय का प्रारम्भिक बोध हो जाने के बाद राग सिखाना शुरू किया जाता है। एकदम शुरू की कक्षा में 'राग' को शास्त्रीय दृष्टि से समझाना सम्भव नहीं है और आवश्यक भी नहीं है; फिर भी केवल परिचय देने की दृष्टि से यहाँ 'राग' के बारे में थोड़ी सी बातें कहीं जा रही है। इस चर्चा में जान बूझकर शास्त्रीय शब्दों का प्रयोग कहीं नहीं किया गया है।

'राग' शब्द का अर्थ है, ऐसा स्वर-समूह जो रंजक हो, यानी सुख या आनन्द देनेवाला हो। इस रंजकता के अलावा 'राग' में और कुछ विशेषताएँ भी होती हैं। लोकगीत या अन्य धुनें भी रंजक तो होती हैं, किन्तु उन्हें हम राग नहीं कहते। इस बात को विस्तार से यहाँ समझाना तो सम्भव नहीं है, इसलिए इतना ही कह कर छोड़ देते हैं कि राग एक शास्त्रीय रचना है जिसमें रंजकता के साथ-साथ नियमों का बन्धन भी रहता है। ये नियम किस प्रकार के होते हैं, यही अल्प में यहाँ समझ लेना काफ़ी होगा।

१—आरोह-अवरोह—यानी कितने और कौन से स्वर राग में लगते हैं, और उनमें से कितने शुद्ध हैं, कितने विकृत—ये सभी बातें हमें राग के आरोह-अवरोह से मालूम हो जाती हैं। उदाहरण के लिए भूपाली का आरोह-अवरोह लें जो यों है—'सा रि ग प ध सां', 'सां ध प ग रि सा'—इससे यह पता चलता है कि 'म नि' को छोड़ दिया गया है और बाकी सब स्वर शुद्ध लिए गए हैं।

२—राग में कोई एक या दो स्वर ऐसे होते हैं, जिन पर सारा दारोमदार रहता है। इनके लगाने से ही राग का रूप बनता है और न लगाने से राग बिगड़ जाता है। ऐसा स्वर राग का प्राण होता है। अभी इसे मुख्य स्वर के रूप में ही विद्यार्थी समझ लें। उदाहरण के लिए 'सारंग' का आरोहावरोह इस प्रकार है—'सारिमपनिसां', 'सांनिपमरिसा'। इसी स्वरावलि के अवरोह में 'ग-ध' लगाकर 'देश' की रचना हुई है। यदि 'देश' में 'ग-ध' को छोड़ दें तो 'सारंग' का ही, पूरा रूप दिखाई देगा। इसलिए 'ग - ध' को देश का प्राण-स्वर या मुख्य स्वर मानना चाहिए। ये दो स्वर केवल अवरोह में अल्प मात्रा में प्रयोग में आने पर भी राग के मुख्य स्वर इसलिए हैं कि इनके बिना उसका रूप नहीं बनता।

३—राग में कोई एक या दो स्वर ऐसे होते हैं जिन पर बार-बार ठहराव किया जाता है। इस ठहराव का भी राग में काफ़ी महत्त्व होता है, क्योंकि इस नियम को समझे बिना राग का रूप संभालते हुए गाना बजाना संभव नहीं है। उदाहरण के लिए 'देश' में बार-बार 'रि' या 'प' पर ठहराव किया जाता है। जैसे 'रिम – गरि', 'रिमप – मगरि', या 'रिमपनिध – प' 'ध – म ग रि' इत्यादि। अब इस नियम को समझे बिना यदि 'ग' पर ठहराव करने लगें तो 'देश' से बिल्कुल भिन्न रूप ही खड़ा होगा। यथा—'रिमग', रिमप – मग', इत्यादि।

४—किसी-किसी राग का उठाव या आरंभ भी किसी ख़ास स्वर से करने का नियम होता है। यों तो सभी रागों में सब से पहले 'सा' ही लगाया जाता है; लेकिन किसी-किसी राग में आलाप – तान का उठाव 'सा' से न हो कर किसी अन्य स्वर से होता है। जैसे सारंग और तिलंग में अधिकांश आलाप तान क्रमशः 'रि' और 'ग' से शुरू होते हैं। यथा 'रिमपनि् – पमरि – नि सा', 'गमपनि् – प गमग – सा'।

५—प्रत्येक राग में कोई ख़ास टुकड़ा या स्वरसमूह ऐसा होता है जिसे सुनते ही हम फ़ौरन पहचान लेते हैं कि यह फ़लाँ राग है। ख़ास टुकड़े को राग का मुख्य अङ्ग या पकड़ कहते हैं। उदाहरण के लिए 'नि् – पगमग' से तिलंग 'सा रि ग – रिग' से भूपाली, 'रिमप ग् – रि' से काफ़ी—इस प्रकार मुख्य अंग से रागों की पहचान होती है।

राग-जाति—राग में लगनेवाले स्वरों की संख्या के अनुसार राग की 'जाति' कही जाती है। प्रायः यह नियम बरता जाता है कि राग में कम से कम पाँच स्वरों का तो प्रयोग होना ही चाहिए। इसलिए ५, ६ और ७ स्वरों वाले रागों के लिए मुख्य तीन जातियाँ मानी गई हैं :—

१. संपूर्ण :—जिसमें सात स्वरों का प्रयोग हो।
२. षाडव :— ,, छः ,, ,, ।
३. औडव :— ,, पाँच ,, ,, ।

रागों के आरोह और अवरोह में लगने वाले स्वरों की संख्या कभी एक-सी होती है और कभी भिन्न भी होती है। इसलिए आरोह-अवरोह में लगने वाले स्वरों की संख्या के अनुसार ऊपर लिखी तीनों जातियों को आपस में एक दूसरे से मिलाकर नौ जातियाँ बनाई गई हैं। यथा :—

१. संपूर्ण-संपूर्ण :—आरोह में सात—अवरोह में सात स्वर।
२. संपूर्ण-षाडव :— ,, सात— ,, छः ,, ।
३. संपूर्ण-औडव :— ,, सात— ,, पाँच ,, ।
४. षाडव-संपूर्ण :— ,, छः— ,, सात ,, ।
५. षाडव-षाडव :— ,, छः— ,, छः ,, ।
६. षाडव-औडव :— ,, छः— ,, पाँच ,, ।
७. औडव-संपूर्ण :— ,, पाँच— ,, सात ,, ।
८. औडव-षाडव :— ,, पाँच— ,, छः ,, ।
९. औडव-औडव :— ,, पाँच— ,, पाँच ,, ।

आलाप-तान :—राग के नियमों के अनुसार राग के रूप का जो विस्तार किया जाता है, वह आलाप कहलाता है। इससे राग का स्वरूप स्पष्ट होता है। जब किसी गीत के साथ आलाप लिए जाते हैं तब वे ताल में बँधे रहते हैं और जब गीत तथा ताल के बिना राग का विस्तार किया जाता है, तब आलाप को मुक्त कहा जाता है। इस पुस्तक में मुक्त और तालबद्ध दोनों प्रकार के आलाप दिए गए हैं। मुक्त आलाप के द्वारा राग का रूप समझ लेने के बाद ही तालबद्ध आलापों को गाने बजाने में सुविधा होती है। तालबद्ध आलाप में ताल का बन्धन होने पर भी ऐसा नहीं होता कि सभी स्वर एक-सी गति में लिए जाएँ, बल्कि किसी स्वर को तेजी से और किसी को लंबा करके लिया जाता है।

तान में स्वरों का निश्चित क्रम और नियत गति रहती है और यही बात इसे आलाप से पृथक् करती है। ध्यान रहे कि तान में स्वरों की गति द्रुत रहती है। विभिन्न अलंकारों या पलटों को राग के नियमों के अनुसार प्रयोग में लाने से तानें बनती हैं। गीत के साथ तालबद्ध तानों का उपयोग होता है एवं गीत या ताल के सहारे के बिना मुक्त तानें भी ली जा सकती हैं। अभ्यास के लिए मुक्त तानों का विशेष महत्त्व है। अतः पुस्तक में दी हुई प्रत्येक राग की मुक्त तानों का विद्यार्थियों को अवश्य अभ्यास कराया जाए। आगे चलकर राग में स्वतन्त्र रूप से विस्तार करने के लिए मुक्त आलाप-तान ही नींव का काम देंगे।

शब्दालाप :—बद्ध आलापों में 'आकार' के स्थान पर जब गीत के शब्दों का प्रयोग किया जाता है, तब शब्दालाप बनता है। प्रस्तुत पुस्तक में 'दुर्गा', 'सारंग', 'काफ़ी' में शब्दालाप दिए गए हैं।

बोलतानें :—आलाप की ही तरह तालबद्ध तानों में जब 'आकार' के बजाय गीत के शब्दों का प्रयोग हो तो वे बोलतानें कहाती हैं। काफ़ी राग में दो बोलतानें दी गई हैं। उन्हें नमूने के तौर पर विद्यार्थी देख लें। बोलतानों के स्वतन्त्र विकास के लिए स्वर, लय और राग के नियम—इन तीनों पर अधिकार होना चाहिए। भावी विकास की दिशा दिखाने के लिए प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम में कुछ सरल बोलतानें दी गई हैं।

बन्दिश :—किसी शब्द-रचना को अथवा किसी वाक्य के वर्णों की रचना को जब राग के नियमों के अनुसार स्वर-ताल में बाँधा जाता है, तब वह रचना 'बन्दिश' कहलाती है।

स्थायी :—किसी गीत या गत के पूर्वार्ध या पहले भाग को स्थायी कहते हैं।

अन्तरा :—गीत या गत के उत्तरार्द्ध या दूसरे भाग को अन्तरा कहते हैं।

प्रायः राग के पूर्वाङ्ग में स्थायी और उत्तरांग में अन्तरा बाँधा जाता है।

लय सम्बन्धी विषय

लय :—नियत गति को संगीत में लय कहते हैं। नियत गति पर ही ब्रह्माण्ड का अस्तित्व टिका हुआ है। सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र सब नियमित गति से चलते हैं। यदि इनकी लय टूट जाए तो ब्रह्माण्ड का भी नाश हो जाए। संगीत की स्वर-सृष्टि में भी लय का अखण्ड महत्व है। घड़ी की 'टिकटिक' से विद्यार्थी नियमित गति को समझ सकते हैं। तद्वत् हम जानते हैं कि हमारे भारत के वैद्य नाड़ी की गति को देख कर ही स्वास्थ्य-परीक्षा करते हैं। संगीत में लय तीन प्रकार की कही गई है है। यथा :—

१. विलम्बित :—बहुत धीमी गति।

२. मध्य :—बीच की गति जो न बहुत धीमी और न ही बहुत तेज़ हो।

३. द्रुत :—तेज़ गति।

बराबर की लय और दुगुन आदि—गाते या बजाते समय जो लय स्थिर की जाती है, उसे बराबर की लय कहते हैं। इसी लय की दुगुनी गति में गाने या बजाने से दुगुन होती है। यानी जितना समय 'एक' कहने में लगता है उतने ही समय में 'दो' कहे जाएँ तो दुगुन होती है इसी तरह चौगुनी गति करने से चौगुन होती है। इसी प्रकार तिगुनी, छहगुनी, अठगुनी आदि लय का भी प्रयोग किया जाता है, किन्तु उस सबकी प्रारंभिक विद्यार्थियों की आवश्यकता नहीं है। इतना अवश्य समझ लेना चाहिए कि दुगुन, चौगुन आदि का प्रयोग बराबर की लय के आधार पर ही किया जाता है इसलिए दुगुन, चौगुन आदि को समाप्त करते ही फिर से बराबर की लय दिखाई जाती है। दुगुन चौगुन को नीचे लिखे अंकों से पुनः समझ लें :—

बराबर की लय	१	१	१	१	१	१
दुगुन, चौगुन	१ २	१ २	१ २	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४

मात्रा—लय की नियमित गति को नापने की सबसे छोटी इकाई या Unit है मात्रा। स्थूल मान से मात्रा का परिमाण एक सैकण्ड माना जाता है। स्थूल रूप से एक सैकण्ड के नाप से यदि एक-एक मात्रा के ठोके दें तो मध्य-लय कहलाएगी। एक से अधिक सैकण्ड का काल यदि एक-एक मात्रा को दिया जायगा तो लय विलम्बित होगी और एक से कम सैकण्ड का काल देकर जब मात्रा के ठोके लगाए जाएँगे, तब द्रुत लय होगी। इस प्रकार मात्रा और लय आपस में जुड़े हुए हैं और मात्रा का काल लय के अनुसार ही निश्चित होता है। यदि लय ठीक न रहे तो मात्रा छोटी बड़ी हो जाती है, या यों भी कह सकते हैं कि मात्रा छोटी बड़ी हो जाए तो लय बिगड़ जाती है।

ताल—संगीत में काल को नापने का साधन ताल कहलाता है। जिस प्रकार काव्य को व्यवस्थित बनाने के लिए ताल होता है उसी प्रकार संगीत में काल की दृष्टि से नियमितता लाने के लिए ताल होता है। ताल की लंबाई समझने-समझाने के लिए मात्रा का उपयोग किया जाता है जैसे त्रिताल की १६ मात्रा, चौताल की १२, झपताल की १० और दादरा की ६ मात्रा मानी गई हैं।

आवर्त्तन—किसी ताल के एक चक्र को 'आवर्त्तन' कहते हैं अर्थात् जब एक बार पूरा ताल बोल लेते हैं तो वह ताल का एक आवर्तन कहलाता है। काल की चक्रिक गति को घड़ी से समझ सकते हैं। उसी प्रकार ताल भी चक्रिक गति से चलता है। इसीलिए ताल का स्वरूप 'आवर्तन' द्वारा समझा-समझाया जाता है।

ठेका—गाते बजाते समय गायक वादक ताल की गति, आवर्तन और विभाग को समझ सके, इसके लिए ताल वाद्य पर जो निश्चित प्रकार के बोल बजाएँ जाते हैं, इन बोलों की बन्दिश को ठेका कहते हैं। भारतीय तालवाद्यों की यह विशेषता है कि उन में से वर्णात्मक ध्वनि निकलती है—जैसे, क, त, ध, ग, न इत्यादि। इन्हीं अक्षरों को एक विशेष ढंग से व्यवस्थित करके जब किसी ताल के एक आवर्तन में बोला या बजाया जाता है, तो वह ठेका कहलाता है।

विभाग—ताल की मात्राओं को जिन अलग-अलग खंडों या हिस्सों में विभाजित किया जाता है, वह प्रत्येक खंड या हिस्सा विभाग कहलाता है जैसे झपताल में २-३, २-३ इस क्रम से मात्रा-विभाग होते हैं, त्रिताल में चार-चार मात्राओं के विभाग होते हैं, उसी प्रकार अन्य तालों में भी भिन्न-भिन्न मात्रा-विभाग रहते हैं। ताल का 'वज़न' इन विभागों के अनुसार रहता है।

सम—ताल के आवर्तन का जहाँ से आरंभ होता है, उसे सम कहते हैं। दूसरे शब्दों में ताल की पहली मात्रा को सम कह सकते हैं। गीत या गत में इस स्थान को विशेष ज़ोर दे कर दिखाया जाता है। हाथ पर ताल दे कर भी इसे दिखाया जाता है।

ताली—ताल के अलग-अलग विभागों के शुरू में सम के अतिरिक्त जिन मात्राओं पर हाथ से ताल देते हैं, उस को ताली कहते हैं। जैसे त्रिताल में सम के अलावा पाँचवीं और तेरहवीं मात्रा पर ताली होती है।

ख़ाली—ताल के जिस विभाग को ताली दिए बिना पृथक् दिखाया जाता है, उसे ख़ाली कहते हैं, किसी-किसी ताल में एक से अधिक स्थान पर भी ख़ाली होता है। जैसे चौताल और एकताल में ३ और ७ मात्रा पर ख़ाली है।

———

तालबद्ध अलंकार

अलंकार १

मात्रा विभाग :-१६ त्रिताल ताल विभाग १, ५, ९, १३.

लघु, मात्रा १

सा	रि	ग	म	प	ध	नि	सां	सां	नि	ध	प	म	ग	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताल विभाग १, ५, ९, १३.

गुरु, मात्रा २

सा	–	रि	–	ग	–	म	–	प	–	ध	–	नि	–	सां	–
आ	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–
×				५				०				१३			
सां	–	नि	–	ध	–	प	–	म	–	ग	–	रि	–	सा	–
आ	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–
×				५				०				१३			

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताल विभाग १, ५, ९, १३.

द्रुत, मात्रा ½

सारि	गम	पध	निसां	सांनि	धप	मग	रिसा	सारि	गम	पध	निसां	सांनि	धप	मग	रिस
आ •	००	००	००	००	००	००	००	•	००	००	००	००	००	००	००
×				५				०				१३			

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताल विभाग १, ५, ९, १३.

अणुद्रुत, मात्रा ¼

सा रि ग म	प ध नि सां	सां नि ध प	म ग रि सा	सा रि ग म	प ध नि सां	सां नि ध प	म ग रि सा
आ • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •
×				५			
सा रि ग म	प ध नि सां	सां नि ध प	म ग रि सा	सा रि ग म	प ध नि सां	सां नि ध प	म ग रि सा
• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •
०				१३			

अलंकार २

मात्रा विभाग १६ | त्रिताल | ताल विभाग १, ५, ९, १३

लघु गुरु मिश्र

सा	रि	ग	–	रि	ग	म	–	ग	म	प	–	म	प	ध	–
आ	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–
×				५				०				१३			
प	ध	नि	–	ध	नि	सां	–	सां	नि	ध	–	नि	ध	प	–
आ	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–
×				५				०				१३			
ध	प	म	–	प	म	ग	–	म	ग	रि	–	ग	रि	सा	–
आ	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–
×				५				०				१३			

लघु गुरु मिश्र

द्वितीय प्रकार

मात्रा विभाग १६ | त्रिताल | ताल विभाग १, ५, ९, १३

सा	रि	–	ग	रि	ग	–	म	ग	म	–	प	म	प	–	ध
आ	•	–	०	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•
×				५				०				१३			
प	ध	–	नि	ध	नि	–	सां	सां	नि	–	ध	नि	ध	–	प
आ	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•
×				५				०				१३			
ध	प	–	म	प	म	–	ग	म	ग	–	रि	ग	रि	–	सा
आ	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			

लघु गुरु मिश्र

तृतीय प्रकार

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताल विभाग १, ५, ९, १३.

सा	–	रि	ग	रि	–	ग	म	ग	–	म	प	म	–	प	ध
आ	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•
×				५				०				१३			
प	–	ध	नि	ध	–	नि	सां	सां	–	नि	ध	नि	–	ध	प
आ	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•
×				५				०				१३			
ध	–	प	म	प	–	म	ग	म	–	ग	रि	ग	–	रि	सा
आ	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•
×				५				०				१३			

अलंकार ३

मात्रा विभाग १०. झपताल ताल विभाग १, ३, ६, ८.

सा	रि	सा	रि	ग	रि	ग	रि	ग	म		
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				
ग	म	ग	म	प	म	प	म	प	ध		
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				
प	ध	प	ध	नि	ध	नि	ध	नि	सां		
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				
सां	नि	सां	नि	ध	नि	ध	नि	ध	प		
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				
ध	प	ध	प	म	प	म	प	म	ग		
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				
म	ग	म	ग	रि	ग	रि	ग	रि	सा		
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				

अलंकार ४

मात्रा विभाग १०　　झपताल　　ताल विभाग १, ३, ६, ८



अलंकार ५

मात्रा विभाग १०　　झपताल　　ताल विभाग १, ३, ६, ८,

सा	रि	रि	ग	सा	रि	ग	ग	म	रि
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
ग	म	म	प	ग	म	प	प	ध	म
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
प	ध	ध	नि	प	ध	नि	नि	सां	ध
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
ध	नि	नि	सां	ध	प	ध	ध	नि	प
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
म	प	प	ध	म	ग	म	म	प	ग
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
रि	ग	ग	म	रि	सा	रि		ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

अलंकार ६

मात्रा विभाग ११ — एकताल अथवा चौताल — ताल विभाग १, ३, ५, ७, ९, ११

सा	ग	रि	सा	रि	म	ग	रि	ग	प	म	ग
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
१		०		५		०		९		११	
म	ध	प	म	प	नि	ध	प	ध	सां	नि	ध
आ	०	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
१		०		५		०		९		११	
ध	नि	सां	ध	प	ध	नि	प	म	प	ध	म
आ	•	•	•	०	०	•	•	•	•	•	•
१		०		५		०		९		११	
ग	म	प	ग	रि	ग	म	रि	सा	रि	ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
१		०		५		०		९		११	

अलंकार ६

मात्रा विभाग १२ — एकताल — ताल विभाग १, ३, ५, ७, ९, ११

द्विगुण

सागं	रिसा	रिम	गरि	गप	मग	मध	पम	पनि	धप	धसां	निध
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
१		०		५		०		९		११	
धनि	सांध	पध	निप	मप	धम	गम	पग	रिग	मरि	सारि	गसा
आ•	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
१		०		५		०		९		११	

अलंकार

मात्रा विभाग १२ | एकताल | ताल विभाग १, ३, ५, ७, ९, ११.

द्विगुण, द्विस्वर.

सासा	गग	रिरि	सासा	रिरि	मम	गग	रिरि	गग	पप	मम	गग
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
×		०		५		०		९		११	
मम	धध	पप	मम	पप	निनि	धध	पप	धध	सांसां	निनि	धध
• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
×		०		५		०		९		११	
धध	निनि	सांसां	धध	पप	धध	निनि	पप	मम	पप	धध	मम
• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
×		०		५		०		९		११	
गग	मम	पप	गग	रिरि	गग	मम	रिरि	सासा	रिरि	गग	सासा
• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
×		०		५		०		९		११	

अलंकार ७

मात्रा विभाग १२ | एकताल | ताल विभाग १, ३, ५, ७, ९, ११.

सा	ग	रि	म	ग	प	म	ध	प	नि	ध	सां
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	
सां	ध	नि	प	ध	म	प	ग	म	रि	ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	

अलंकार ७

मात्रा विभाग १२ | एकताल | ताल विभाग १, ३, ५, ७, ९ ११

द्विस्वर

सासा	गग	रिरि	मम	गग	पप	मम	धध	पप	निनि	धध	सांसां
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
×		०		५		०		९		११	
सांसां	धध	निनि	पप	धध	मम	पप	गग	मम	रिरि	गग	सासा
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
×		०		५		०		९		११	

प्रस्तार अलंकार

सा

सा रि रि सा

सा रि ग ग रि सा

सा रि ग म म ग रि सा

सा रि ग म प प म ग रि सा

सा रि ग म प ध ध प म ग रि सा

सा रि ग म प ध नि नि ध प म ग रि सा

सा रि ग म प ध नि सां सां नि ध प म ग रि सा

सां रि ग म प ध नि सां रि' रि' सां नि ध प म ग रि सा

सा रि ग म प ध नि सां रि' ग' ग' रि' सां नि' ध प म ग रि सा

लयबद्ध सविस्तर प्रस्तार अलंकार

सारि	गग	रिसा	गग	रिसा	सारि	गग	रिसा
सारि	गम	मग	रिसा	मग	रिसा	सारि	गम	मग	रिसा
सारि	गम	पप	मग	रिसा	पप	मग	रिसा	पप	मग	रिसा
सारि	गम	पध	धप	मग	रिसा	पध	धप	मग	रिसा
सारि	गम	पध	निनि	धप	मग	रिसा	पध	निनि	धप	मग	रिसा
सारि	गम	पध	निसां	सांनि	धप	मग	रिसा	सांनि	धप	मग	रिसा
सारि	गम	पध	निसां	रि'रि'	सांनि	धप	मग	रिसा	रि'रि	सांनि	धप	मग	रिसा
सारि	गम	पध	निसां	रि'ग	गंरि'	सांनि	धप	मग	रिसा	रि'ग	गंरि'	सांनि	धप	मग	रिसा
सारि	गम	पध	निसां	सांरि'	गंम	मंग	रि'सां	सांनि	धप	मग	रिसा
सारि	गम	पध	निसां	रि'ग	मंप	मंग	रि'सां	सांनि	धप	मग	रिसा

राग भूप या भूपाली

परिचय

शुद्ध स्वर सप्तक में से मध्यम और निषाद निकाल देने से स्थूल मान से इस राग का रूप दिखाई देगा। इस प्रकार ग – प और ध – सां के दर्म्यान का अन्तर विद्यार्थियों के ध्यान में आएगा। इस में पाँच ही स्वरों का प्रयोग होने से यह औडव जाति का राग कहलाता है। भारतीय संगीत में इन्हीं पाँच स्वरों वाले अन्य राग भी हैं जो क्रमशः आगामी वर्षों के पाठ्यक्रम में सिखाए जाएंगे। उन में स्वर वही भूपाली वाले होने पर भी उनका चलन नए विद्यार्थियों के लिए सहजगम्य नहीं है। इसलिए उन्हें क्रमिक पाठ्यक्रम में यथास्थान रखा जायगा।

भूपाली में 'ग' का उच्चार सामान्यतः पंचम को छूकर और 'ध' का उच्चार षड्ज को छूकर किया जाता है। जिन विद्यार्थियों में अनुकरण शक्ति का अभाव है, उन्हें आरम्भ में स्पर्श स्वरों के उच्चार में कष्ट होता है, किन्तु फिर भी शिक्षक से इन्हें बार-बार सुनने से इन का प्रयोग साध्य हो सकेगा।

इस राग में पूर्वांग में गान्धार का और उत्तरांग में धैवत का बाहुल्य है यानी इस में गान्धार-धैवत का बार-बार उपयोग होता है। इस राग के मुक्तालापों को शिक्षक द्वारा ज्ञात करने से, समझ लेने से इसका शुद्ध रूप स्पष्ट होगा।

स्वरों का उठाव, गान्धार-धैवत पर ऊपर लिखे स्पर्श, धीमी गति, इन सब कारणों से यह गंभीर प्रकृति का राग माना गया है।

इसका समय रात्रि का प्रथम प्रहर है।

आरोह
सा रि ग प ध सां

अवरोह
सां ध प ग रि सा

राग भूपाली

मुक्त आलाप.

सा. साध, सा, पध, सा. सा, सारि–सा. सा, सारि, सारिसासा–ध, पधसा. सारिग, रिग, गरिसारिग, धसारिग, गरि–रिग, सारि–साग, सारि–सा. सारिग, पग, गरिप–ग, सारिगप–ग, गरिसग–रिप–ग, परिग, रिग, सारि–सा. सारिगप–ग, पध–ग, रिगपध–ग, गरि–पग–धग, सारिगपध–प–ग, गरिगपध, प–ग, रिग, सारि, साग, सारि–, ध–सा. सरिगपध, पधपप–ग, रिगपधसां, धपप–ग, गरि, पग, धप, सांध, सां पधपप–ग, गग–रि, पप–ग, धध–प, सांसां–ध, धपप–ग, रिगपध, गप–ग,

रिग-रि, सारि, साध-सा. सारिगपधसां-सांसां, सां, सांरि', सांरि'सांसां-ध, पधसां-सांसां, सांध, प, पध, धपध-ग, रिगपध, पधपप-ग, गरिप-ग, रिग, सरि-सा.

मुक्त तानें—

सारिगगरिसा. गगरिसा सारिगगरिसा. गरिगगरिसारिगरिसा सारिगगरिसा. सारिगप पगरिसा. गगरिसा पपगरि सारिगप पगरिसा. सारिगग रिगपप गरिगप पगरिसा. सारिगप धधपगरिसा. धधपगरिसा. गगरिसा पपगरि धधपग पगरिसा. सारिगग रिगपप गपधध पगरिसा. गरिगप धधपग पपगरि गगरिसा. सारिगप धसांसांध पगरिसा. सांसांधप पगरिसा. सारिगप धसांपध पगरिसा. गरिगप धधपध सांसांधप पगरिसा. सारिगग रिसारिग पपगरि गपधध पगपध सांसांधप पगरिसा. सांसांधप धधपग पपगरि गगरिसा. गरि पग धप सांध सांसांधपपगरिसा. सारिगपधसांरि'रि' सांसांधप पगरिसा. रि'रि'सांध सांसांधप धधपग पगरिसा. गरिगप धसांरि'रि' सांसांधप पगरिसा सारिगगरिसा, सारिगपपगरिसा, सारिगपधध पगरिसा, सारिगप धसां सांध पगरिसा, सारिगप धसांरि'रि' सांसांधप पगरिसा. रि'रि' सांसां धपगरि गपधध पगरिसा. सारिगप धसां रि'ग गांरि' सांध पगरिसा. गांरि' सांध पगरिसा सारिगप धसां रिग गांरि' सांध पगरिसा. गगरिस पपगरि धधपग सांसांधप रि'रि'सांध गांगांरि'सां सांसांधप पगरिसा. सारिगग रिगपप गपधध पधसांसां धसांरि'रि' सांरि'गांग रि'सां धप पगरिसा. गांगांरि'सांध सांसांधप पगरिसा, गरिगप धसांरि'ग गांरि'सांध पगरिसा.

तालबद्ध अलंकार

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताली विभाग, १, ५, १३, खाली ९.

सा	रि	ग	प	ध	सां	सां	ध	सां	सां	ध	प	प	ग	रि	सा
×				५				०				१३			

द्विगुण

सारि	गप	धसां	सांध	सांसां	धप	पग	रिसा	सारि	गप	धसां	सांध	सांसां	धप	पग	रिसा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			

मात्रा विभाग १२. एकताल ताली विभाग १, ५, ९, ११ खाली ३७.

सा	रि	ग	प	ध	सां	सां	ध	प	ग	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	
×		०		५		०		९		११	

द्विगुण

सारि	गप	धसां	सांध	पग	रिसा	सारि	गप	धसां	सांध	पग	रिसा
आ	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••
×		०		५		०		९		११	

मात्रा विभाग १०. झपताल ताली विभाग १, ३, ८ खाली ६.

सा	रि	सा	रि	ग	रि	ग	रि	ग	प		
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				
ग	प	ग	प	ध	प	ध	प	ध	सां		
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				
सां	ध	सां	ध	प	ध	प	ध	प	ग		
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				
प	ग	प	ग	रि	ग	रि	ग	रि	सा		
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•		
×		३			०		८				

राग भूपाली त्रितोल

मात्रा विभाग १६ गीत ताली विभाग १, ५, १३ खाली ६

स्थाई—प्रथम नमन गण नायक चरणा,
अमित विघन अरु मति भ्रम हरणा।
अंतरा—संगीत शास्त्र पढ़न चाहते हौं,
बुद्धि बल देहु मैं तुमरे ही शरणा॥

स्थायी

सां	सां	ध	प	ग	रि	सा	रि	ग	–	प	ग	ध	प	ग	–
	थ	म	न	म	न	ग	ण	ना	–	य	क	च	र	णा	–
			१३				×				५				

गं	प	ध	सां	रिं	सां	ध	प	ध	सां	ध	प	ग	रि	सा	–
अ	मि	त	वि	घ	न	अ	रु	म	ति	भ्र	म	ह	र	णा	–
०			१३				×					५			

अंतरा

ग	–	प	ध	सां	–	सां	सां	ध	ध	सां	रिं	सां	सां	ध	प
सं	–	गी	त	शा	–	स्र	प	ढ़	न	चा	–	ह	त	हौं	–
०			१३					×				५			
गं	गं	रिं	सां	रिं	रिं	सां	ध	सां	सां	ध	प	ग	रि	सा	–
बु	द्धि	ब	ल	दे	–	हुँ	मैं	तु	म	रे	ही	श	र	णा	–
०			१३					×				५			

राग भूपाली

त्रिताल

ताल विभाग १, ५, १३ खाली ६

मात्रा विभाग १६

स्थाई--सखिरी सुन बाजत बांसुरिया,
निर्मल नीरे जमुना तीरे गावत सांवरिया।

अंतरा--नयन विशाला गल वनमाला चरणन नुपुरिया,
वृंदावन में घन कुंजन में नाचत नटवरिया।

स्थाई

			ग	रि	ग	प	ध	सां ध	सां	ध	प	ग	रि	ग	प
			स	खि	री	सु	न	बा,	•	ज	त	बां	•	सु	रि
×			५				०				१३				
ग	रि	सा	ग	रि	ग	प	ध	प	ग	ग	ग	ग	–	ग	–
या	•	•	स	खि	री	सु	न	नि	र	म	ळ	नी	–	रे	–
×			५				०				१३				

ग	रि	ग	प	ग	रि	स	–	प	–	ग	रि	ग	प	ध	सां
ज	मु	ना	•	ती	•	रे	–	गा	–	व	त	सां	•	व	रि

× ५ ० १३

पध	सांसां	धप	ग	रि	ग	प	ध	सां ध	सां	ध	प	ग	रि	ग	प
या•	••	••	स	खि	री	सु	न	बा•	•	ज	त	बां	•	सु	रि

× ५ ० १३

अंतरा

ग	रि	स	ग	रि	ग	प	ध	प	ग	ग	ग	प	–	सं	ध
या	•	•	स	खि	री	सु	न	न	य	न	वि	शा	–	ला	•

× ३ ० १३

सं	सं	सं	सं	सं	रिं	सं	–	सं	ध	ध	ध	सं	–	रिं	गं
ग	ल	व	न	मा	•	ला	–	च	र	ण	न	नु	–	पू	रि

× ५ ० १३

रिं	गं	सं	रिं	ध	सं	प	ध	प	ध	गं	–	रिं	रिं	गं	–
या	•	•	•	•	•	•	•	बूं	•	दा	–	व	न	में	–

× ५ ० १३

सं	सं	रिं	–	ध	ध	सं	–	प	–	ग	रि	ग	प	ध	सं
घ	न	कुं	–	ज	न	में	–	ना	–	च	त	न	ट	व	रि

× ५ ० १३

पध	सांसां	धप	ग	रि	ग	प	ध	सां ध	सं	ध	प	ग	रि	ग	प
या•	••	••	स	खि	री	सु	न	बा•	•	ज	त	बां	•	सु	रि

× ५ ० १३

ग	रि	स	–
या	•	•	–

×

आलाप

×			५				०				१३			
			ग	रे	ग	प	ध	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
			स	खि	री	सु	न	बा	–	ज	त	बां	–	सु	रि
१) ग	रे	ग	–	सा	रे	–	सा	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
या	•	•	ऽ	•	•	ऽ	•	बा	–	ज	न	बां	–	सु	रि
२) सा	रे	ग	सा	रे	–	सा	–	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
या	•	•	•	•	ऽ	•	ऽ	बा	–	ज	त	बां	–	सु	रि
३) सा ध़	रे सा	ग रे	ग	सा	रे	–	सा	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
या •	• •	• •	•	•	•	•	•	बा	–	ज	त	बां	–	सु	रि
४) सा	रे	ग	प	ग	–	रे	सा	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
या	•	•	•	•	–	•	•	बा	–	ज	त	बां	–	सु	रि
५) सा रे	ग प	सां ध	सां	सां प	ग	रे	सा	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
या •	• •	•	–	•	•	•	•	बा	–	ज	त	बां	–	सु	रि
६) सा रे	ग प	ग	–	प	सां ध	ग	–	प	सां ध	सां	–	पपपप	ऽ	ग	–
या •	ऽ ऽ	ऽ	ऽ	•	•	•	ऽ	•	• •	•	ऽ	••••	–	•	ऽ
रे	ग	प	ध	सां ग	–		सा	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
•	•	•	•	•	ऽ	•	•	बा •	•	ज	त	बां	•	सु	रि
७) सा रे	ग प	सां ध	–	सां प	सां ध	सां	–	सांरेंसांसां	–	ध	–	प ध प प	–	ग	–
या •	• •	•	ऽ	•	• •	•	ऽ	••••	ऽ	•	ऽ	••••	ऽ	•	ऽ

×				५				०				१३			
रे ग	प ध	सां	–	सां प	ग	रे	सा	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
प ध	••	•	ऽ	•	•	•	•	बा •	•	ज	त	बां	ऽ	सु	रि
८) सा रे	ग प	ध सां	–	सां प	सां ध	सां	–	सां	सांरें --	–	–	सांरें सांसां	–	ध	–
या •	••	••	ऽ	•	••	•	ऽ	•	• •••	ऽ	ऽ	••••	ऽ	•	ऽ
प ध	सांरें	गं	सां	रें	ध	सां	प	ध	ग	प	रे	ग	–	रे	सा
••	••	••	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	ऽ	•	•
सां ध	सां	ध	प	सां ध	सां	ध	प	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
बा •	•	ज	त	बा •	•	ज	त	बा •	•	ज	त	बां	•	सु	रि

तानें

×				५				०				१३			
१) सा रे	ग ग	रे सा	ग रे	ग ग	रे सा	ग ग	रे सा	सां ध	स	ध	प	ग	रे	ग	
आ •	••	••	••	••	••	••	••	बा •	•	ज	त	बां	•	सु	रि
२) ग रे	ग ग	रे सा	ध प	ध ध	प ग	प ग	रे सा	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
आ •	••	••	••	••	••	••	••	बा •	•	ज	त	बां	•	सु	रि
३) सा रे	ग प	ध ध	प ग	रे सा	ध ध	प ग	रे सा	ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
आ •	••	••	••	••	••	••	••	बा •	•	ज	त	बां	•	सु	रि
४) सा रे	ग प	ध सां	प ध	सां सां	ध प	प ग	रे सा	सां ध	सां	ध	प	ग	रे	ग	प
आ •	••	••	••	••	••	••	••	बा •	•	ज	त	बां	•	सु	रि

× ५ ० १३

५)
सा रे | ग प | ध सां | रें रें | सां सां | ध प | प ग | रे सा | सां ध | सां | ध | प | ग | रे | ग | प
आ • | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | बा • | • | ज | त | बां | • | सु | रि

६)
सा रे | ग ग | रे ग | प प | ग प | ध ध | प ध | सां सां | ध सां | रें रें | सांरें | गं गं | गं रें | सां ध | प ग | रे सा
आ • | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | • • | •• | •• | •• | • • | •• | •• | ••

गं रें | सां ध | प ग | रे सा | गं रें | सां ध | प ग | रे सा | सां ध | सां | ध | प | ग | रे | ग | प
•• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | बा • | • | ज | त | बां | • | सु | रि

७)
ग रे | ग ग | रे सा | प ग | प प | ग रे | ध प | ध ध | प ग | सां ध | सांसां | ध प | रें सां | रें रें | सां ध | गं रें
आ • | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | •• | ••

ग गं | रें सां | रें रें | सां ध | सां सां | ध प | प ग | रे सा | सां ध सां– | ध प | सांधसां- | धप | सांधसां- | ध प | ग रे | ग प
•• | •• | •• | •• | • • | •• | •• | •• | बा • • – | ज त | बा ••• | जत | बा• • – | ज त | बां • | सुरि

राग भूपाली

झपताल

मात्रा विभाग १०

गीत

ताली विभाग, १, ३, ८, खाली ६

स्थाई—बेद थके मंत्र तंत्र थके ग्रंथ पंथ थके ।
अन्तरा—देव दानव थके नाग नर मौन भे,
पीर अरु मीर पुनि धीर थके ।

स्थाई

सा ध | सा | प | ग | ध प | ध | ग | ग | रि | सा
बे • | • | द | • | थ • | के | ० | मं | • | त्र
× ३ ० ८
३

सा ध़	सा	सां	ध	सां	प	ध	ग	प	सां ध
तं •	•	त्र	•	थ	के	•	ग्रं	•	थ
×		३		०			८		
सां	–	प	ध	सां	ध	प	ग	रि	सा
पं	•	थ	•	थ	के	•	•		•
×		३		०			८		

अंतरा

ग	–	ग	प	सां ध	सां	सां	रिं	सां	–
दे	–	व	दा	•	न	व	थ	के	–
×		३		०			८		
ध	–	ध	सां	रिं	गं रिं	गं	रिं	सां	–
ना	–	ग	न	र	मौ •	•	न	मे	–
×		३			०		८		
ध	ध	गं	गं	गं	सां	–	सां	रिं	रिं
पी	•	र	अ	रु	मी	–	र	पु	नि
×		३		०			८		
ध	–	ध	सां	–	प ध	सां सां	ध प	प ग	रि सा
धी	–	र	था	–	के •	• •	• •	• •	• •
×		३		–	०		८		

राग भूपाली

चौताल

मात्रा विभाग १२ — गीत — ताली विभाग १, ५, ९, ११ खाली ३, ७

स्थाई—चारों बानीके ब्यौहार सुन लीजे गुनिजन।
तब पावे ये विद्या को सार, चारों बानी॥

अन्तरा—प्रथम बानी गौबरहार दूजी कहत खंडार,
तीजी डागुर गावत और भनत नौहार, चारों बानी॥

स्थाई

						ग	रि	सा	रि	घ̲	सा रि
						चा	•	रों	बा	•	नी •
×		०		५		०		९		११	
प	ग	रि	ग	रि	सा	सा ध̲	सा ध̲	सा	ग	रि	ग
के	•	ब्यौ	हा	•	र	सु	न	•	ली	•	जे
×		०		५		०		९		११	
रि	ग	प	सां ध	सां ग	ग	प ग	प	सां ध	सां	सां प	ध
गु	नि	•	ज	•	न	त	ब	•	पा	•	वे
×		०		५		०		९		११	
सां	–	प	ध	सां ग	प	प	ध	प ध	सां	सां	रि'
ये	–	वि	•	द्या	•	को	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	
सां	ध	प	ग	रि	सा	ग	रि	सा	रि	घ̲	सारि
सा	•	•	•	•	र	चा	•	रों	बा	•	नी•
×		०		५		०		९		११	

अंतरा

ग	ग	ग	प	–	सां ध	सां	सां	सां	सां	रिं	सां
प्र	थ	म	बा	–	नी	गौ	व	र	हा	•	र
×		०		५		०		९		११	
सां	ध	ध	सां	सां	रिं	गं	रिं	गं	रिं	–	सां
दू	•	जी	क	ह	त	खं	•	•	डा	–	र
×		०		५		०		९		११	
ध	–	गं	–	सां	–	रिं	रिं	ध	सां	प	ध
ती	–	जी	–	डा	–	गु	र	गा	•	व	त
×		०		५		०		६		११	
ग	रि	सा	रिं	सां	ध	प	ध	प ध	सां	ध सां	रिं
औ	•	र	भ	न	त	नौ	•	•	•	०	०
×		०		५		०		९		११	
सां	ध	प	ग	रि	सा	ग	रि	सा	रि	ध	सारि
हा	•	•	•	•	र	चा	•	रों	बा	•	नी०
×		०		५		०		९		११	

राग हंसध्वनि

परिचय

भूप में जैसे मध्यम निषाद वर्ज्य हैं, वैसे ही इसमें मध्यम धैवत छोड़ दिए जाते हैं। कर्णाटक प्रदेश में इसका अधिक प्रचार है। अपने यहाँ यह अभी-अभी प्रचार में आने लगा है। कर्णाटकी राग से मिलता-जुलता एक राग अपने यहाँ शंकरा नाम से प्रचलित है। वह क्रमशः पाठ्यक्रम में यथास्थान दिया जायगा।

ऋषभ इस राग का प्राण-स्वर है। उस पर बार-बार ठहराव भी होता है। 'नि॒रि'–'सारि'—और 'गरि'—ऐसे स्वर-समूह इसमें बार-बार लिए जाते हैं। 'प – रि' की स्वर—जोड़ी इस राग की मधुरता को बढ़ाती है। विशेष रूप से उत्तरांग में निषाद पर भी मुकाम किया जाता है।

इस राग में, स्वरों का सीधा उच्चार होता है, इसलिए यह सरल है। इसका स्वरोच्चार, त्वरित गति, तार सप्तक की ओर झुकाव, इन सब बातों से यह चंचल प्रकृति का राग प्रतीत होता है।

आरोहावरोह

सारि गप निसा सा नि पगरिसा।

राग हंसध्वनि.

मुक्त आलाप.

सा. सानि॒रि – सा. सानि॒पनि॒सारि – सानि॒रि – सा. सा, सानि॒रि – गरि, – गपगरि – सानि॒रि – सा. सारिगपनि, पनि, पगरि – गरिगप – गरि, सानि॒ रि – सा, सारिगपनि, पनि, पनिसानि, गपगरि, गपनि, सानि, रि॒नि, पनिसानि, नि॒नि, पगरि, सारिगप निसा, निपगरि – गरि गपगरि, गरिसानि॒रि – सा. सारिगपनिसा, निसा – पप पगरि पगरि, पनिसा निसा, सारि॒सानिपनिसा, निसा, पसा निरि॒सानि पगरि, पप पगप सानि॒पनि॒रि – सा. सारिगपनिसा निसा, ससानिपनिरि॒, गरि॒सागरि॒, सानिसारि॒सानि पनिरि॒, सानिसरि॒निप, निपनिसारि॒रि॒ सानिसरि॒ निसा – निपगरि, गरिगपनिसा – निपगरि, गग – रि, पप – ग, नि॒नि – प, सासा – नि, पगरि, गपगरि, सनि॒रि – सा.

मुक्त तानें

सारिनिसा. सानिसारि निसापनि सारिनिसा. गरिनिसा गरिगरि सानिपनि सारिनिसा गरिगप गरिनिसा सारिगप गरि गपगरि निसा. पपगरि गपगरि सानि पनि सारि गार गपगप गरि निसा. सारिगप निनि पप गरि गप गरिगप निनि पपगरि गपगरि सानि पनिसा रिनिसा सारिगप निसा निप गरिगप गरिनिस. सारिगरि गपगप निसा निप पगरिसा. गगरिसा पपगरि निनिपग पगरिसा. गगरिग पपगप निसा निप पगरिसा. पपगप निनिपनि सानि पग पग रिसा. सारिगप निसानिप पगरिसा. सारिगप निसारिरि सानिपग पग रिस. गरिगप निसानिप सारिसानिपगरिसा. पपगप निनिपनि सारिसानि पगरिसा. गगरिसा पपगरि निनिपग सासानिप रिरिसानि पनिसरि सानिपग पगरिसा. सारिगप निसारिग गरिसानि पनिसारि सानिपग रिसा सारिगग रिपगप गपनिनि पनिसारि गगरिसा रिरिसानि पनिसनि पगरिसा. पगपगरिसा सानिसानिपग गरिगरिसानि पनिसारिसानिपगरिसा.

तालबद्ध अलंकार

त्रिताल

मात्रा विभाग १६ — ताली विभाग १, ५, १३ खाली ९

सा	रि	ग	प	नी	सां	नि	प	नि	सां	नि	प	प	ग	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×			५				०				१३					

एकताल

मात्रा विभाग १२ — ताली विभाग १, ५, ९, ११, खाली ३, ७.

सा	रि	ग	प	नि	सां	सां	नि	प	ग	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	

द्विगुण

सारि	गप	नीसां	सांनि	पग	रिसा	सारि	गप	निसां	सांनि	पग	रिसा
आ •	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••

झपताल

मात्रा विभाग १०

सा	रि	• सा	रि	ग	रि	ग	रि	ग	प
आ	०	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

ताली विभाग १, ३, ८, खाली ६.

ग	प	ग	प	नि	प	नि	प	नि	सां	
आ	॰	•	•	•	•	•	•	•	•	
×		३			०		८			
सां	नि	सां	नि	प	नि	प	नि	प	ग	
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	
×		३			०		८			
प	ग	प	ग	रि	ग	रि	ग	रि	सा	
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	
×		३			•		८			

राग हंसध्वनि

त्रिताल

मात्रा विभाग १६ — गीत. — ताली विभाग १, ५, १३. खाली ९.

स्थायी—हौं बिकानो हाथ लाल के
जो चाहे सो कहो;

अन्तरा—तन मन धन सब उनही को दीनो
जो चाहे सो होय चहो.

स्थाई

								प	ग	–	प	ग	रि	सा	–
								हौं	.	.	बि	का	.	.	.
×				५				०			१३				
नि	प	नि	सा	रि	ग	रिसा	रि	सा	–	ग	–	प		नि	प
हा	.	थ	ला	.	ल	के .	.	जो	.	चा	.	हे	.	सो	क
×				५				०			१३				

आलाप

×				५				०				१३			
												नि	प	नि	रें
												बृ	ज	ब	सि
१) सां	सां	सां	सां	सा	नि	रे	–	ग	रे	–	सा	नि	प	नि	रें
ये	ऽ	ऽ	ऽ	आ	•	•	ऽ	•	•	ऽ	•	बृ	ज	ब	सि
२) सां	–	–	–	ग	रे	–	सा नि	रे	–	सा	–	,,	,,	,,	,,
ये	ऽ	ऽ	ऽ	आ	•	•	• •	•	ऽ	•	ऽ				
३) सां	–	–	–	प	ग	रे	–	सा नि	रे	–	सा	,,	,,	,,	,,
ये	ऽ	ऽ	ऽ	आ	•	•	•	• •	•	ऽ	•				
४) सां	–	–	–	नि	प	ग	रे	–	सा नि	रे	सा	,,	,,	,,	,,
ये	ऽ	ऽ	ऽ	आ	•	•	•	ऽ	• •	•	•				
५) सां	–	–	–	सा रे	ग प	नि सां	रें	–	सां नि	प ग	रे	,,	,,	,,	,,
ये	ऽ	ऽ	ऽ	आ •	• •	• •	•	•	• •	• •	•				
६) सां	–	–	–	गं	रें	– नि	प ग	रे	ग प	ग रे	सा	सा रे	ग प	नि प	निरें
ये	ऽ	ऽ	ऽ	अ	•	ऽ •	• •	•	• •	• •	•	• •	• •	बृ ज	ब सि

तानें

×				५				०				१३			
												नि	प	नि	रें
												बृ	ज	ब	सि
१) सां	–	–	–	सा रे	ग रे	ग प	ग रे	ग प	नि नि	प ग	रे स	,,	,,	,,	,,
ये	ऽ	ऽ	ऽ	आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •				

×				५				०				१३			
२) सां	–	–	–	सा रे	ग प	नि नि	प नि	नि प	नि नि	प ग	रे स	नि	प	नि	रें
ये	ऽ	ऽ	ऽ	आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	वृ	ज	व	सि
३) सां	–	–	–	सा रे	ग प	न सां	रें रें	सां नि	प ग	प ग	रे स	,,	,,	,,	,,
ये	ऽ	ऽ	ऽ	आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •				
४) सा रे	ग ग	रे ग	प प	ग प	नि नि	प नि	रें रें	गं रें	सां नि	प ग	रि सा	,,	,,	,,	,,
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •				
५) सां गं	रिं सां	नि रिं	सां नि	प सां	नि प	प नि	सां रिं	गं रिं	सां नि	प ग	रि सा	,,	,,	,,	,,
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •				

राग हंसध्वनि.

मात्रा विभाग १०. झपताल ताली विभाग १, ३, ८ खाली ६.

स्थाई—सुनिये उधो अेक विनती हमारी

अन्तरा—श्याम सुंदरको बेग ले आवो
पावें दरस नैन होवें सुखारी ॥१॥

स्थाई

ग	प	ग	रि	सा	नि	पु	निसा	रि	रि
मु	नि	ये	•	उ	धो	•	अे •	•	क
×		३			०		८		

सा	रि	ग	प	नि	पनि	सां	सांनि	पग	रि
वि	न	ती	•	ह	मा •	•	री •	••	०
×		३			०		८		

अंतरा

प	गप	सां	–	सां	सां	सांनि	रिं	सां	–
श्याम	••	म	–	सुं	द	र •	को	•	–
×		३			०		८		
सां	–	नि	प	ग.प	पनि	सां	पनि	सांगं	रिं
बे	–	ग	ले	••	आ	•	••	••	वो
×		३			०		८		
सां	रिं	गं	–	पं	गं	रिं	सांनि	रिं	सां
पा	•	वे	•	द	र	स	नै•	•	न
×		३			०		८		
सा	रि	ग	प	नि	पनि	सांरिं	सांनि	पग	रि
हो	•	वे	•	सु	खा•	••	री•	••	•
×		३			०		८		

राग हंसध्वनि

चारताल

गीत

स्थाई—तूं रचे अछूत छूत
ब्राह्मण सुत दलित भूत :—

अन्तरा —तूं ही खजत उच्च नीच
ब्रह्म जीव देव भूत
पाप पुण्य वाम सव्य
रे रे मन ! "प्रणवरंग"
तेरी सब यह कुतूत ॥ १ ॥

मात्रा विभाग १२ चार ताल ताली विभाग, १, ५, ९, ११ खाली, ३, ७

स्थाई

ग	प	ग	रि	–	सा	नि̲	–	प̲	सा नि̲	रि	रि
तूं	•	र	चे	–	अ	छू	–	त	छू	•	त
×		०		५		०		९		११	
सा	रि	ग	प	नि.	प	नि	सां	नि	प	ग	रि
ब्रा	•	ह्म	ण	सु	त	द	लि	त	पू	•	त
×		०		५		०		९		११	

अंतरा

प	ग	प	सां	सां	सां	सां	नि	रिं	•सां	–	सां
तुं	•	ही	स्व	ज	त	उ	•	च	नी	–	च
×		०		५		०		९		११	

सां	नि	सां	रिं	गं	रिं	सां	नि	प	नि	सां	रिं
ब्र	•	ह्म	जी	•	व	दे	•	व	भू	•	त
×		०		५		०		९		११	
सां	नि	प	गरि	ग	प	गरि	ग	प	ग	रि	सा
पा	•	प	पु•	•	ण्य	वा•	•	म	स	•	व्य
×		०		५		०		९		११	
गं	रिं	गं	रिं	सां	नि	प	नि	प	नि	सां	रिं
रे	•	रे	•	म	न	प्र	ण	व	रं	•	ग
×		०		५		०		९		११	
रिं	सां	सां	नि	प	ग	रि	ग	प	ग	रि	सा
ते	•	री	•	स	ब	य	ह	कृ	त	•	त
×		०		५		०		९		११	

राग दुर्गा

परिचय

जैसे आरंभ में भूप में म – नि को वर्ज्य किया गया, वैसे इस राग में गान्धार निषाद का त्याग करने की आज्ञा है। अपने यहाँ यह राग अभी कुछ वर्षों से ही प्रचार में आया है। फिर भी इसकी सरलता एवं मधुरता ने जनता के हृदय में अच्छा स्थान पाया है। इसके पूर्वांङ्ग और उत्तरांग में क्रमशः ऋषभ धैवत का बाहुल्य है। ध – म रि, मपध – मरि, ये स्वरावलियाँ इसके स्वरूप को विशेष रूप से व्यक्त करती है।

रात्रि के प्रथम प्रहर के अन्त में अथवा द्वितीय प्रहर के आरंभ में इस राग का समय मानना चाहिए। इसका चलन, गान्धार-निषाद का त्याग, ध – म – रि यह स्वर-संयोग, मन्द्र आलाप का अभाव, मध्य गति आदि बातों से यह राग मध्यम प्रकृति का सूचित होता है यानी यह न बहुत गंभीर और न बहुत चंचल है।

आरोहावरोह

सा रि म प ध सां, सां ध, मपध, मरि, सारिध सा।

राग दुर्गा.

मुक्त आलाप.

सा. साध–सा. सा, सारि, सारिम–रि, मरिम–रि, सरि, साध–सा. धसारिम–रि, मपध, म–रि, रिमपध, मपध, मपध, रिम–रि, सारि, साध–सा. सारिमपध, मम–रि, धध, मम–रि, रिमपध, मपध, मम–रि, प, मपध, मम–रि, धसा रिम–रि, मपध, म–रि, सा, सारि, साध–सा. सारिमपधसां–सांसां, सां, सांध, मपधसां–सांध, सां सांसां सां सांरि', सांरि'सांसां–ध, मपमम–रि, रिमपधसां–सांध, मपमम–रि, रिमपध, मम–रि, मम–रि, सारि–साध, सा. सारिमपधसां–सांध, सां, सांसां, सां, सांरि, सांरि'मं–रि', मंमं–रि', संरि'सांसां–ध, मपधसां–सांसां, सारिमपधसांरि'मं–रि', सां, सांरि' रि'सांसां–ध मपधसां–ध, रिमपध, सां–ध, पमम–रि, रिमपध, मपध, पमम–रि, धसारिम–रि, प, मपध, पमम–रि, मरिम–रि, सारि, सध–सा, सधसा.

मुक्त तान

सारिमम रिसा. मम रिसा सारिमप रिसा. सारिमप धध मम रिसा. धध मम रिसा. मम रिसा सारिमपधध मम रिसा. सारिमप धधमप धधमम रिसा. सारिमम रिमपप मपधध मम रिसा. सारिमप, धसंधप मम रिसा. सांसां धप मम रिसा. मम रिसा धध पम सांसां धप मम रिसा. सारिमप धसां पध सांसां धप मम रिसा. सारिमप धसांरिंरिं सांसां धप मम रिसा. मरिमप धसां रिंरिं सांसां धप मम रिसा. रिंरिं संध संधमप धसंधप ममरिसा. सारिमप धसांरिंमं रिसं धप मम रिसा. ममरिसा धधपम सांसांधप रिंरिंसंध ममंरिंसं रिंरिं सांध संसं धप मम रिसा. सारिमम रिमपप मपधध पधसांसां धसांरिंरिं सांरिंमम रिंसांधप ममरिसा. रिसा मरि पम धप सांसां धप ममरिसा, सरिममरिसा सारिमपधधममरिसा सारिमप धसां धप मम रिसा सारिमप धसांरिंरिं सांसांधप ममरिसा सारिमप धसांरिंमं रिसां धपमम रिसा. सारिमम रिसा मपधधपम पधसांसांधप धसां रिंरं सांध सांरिंमम रिंसं धसां रिंरिं सांध सांसां धप मम रिसा मरि मप धसां रिंमं रिसां धप मम रिसा.

तालबद्ध आरोह अवरोह

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताली विभाग, १, ५, १३, खाली ६.

सा	रि	म	प	ध	सां	सां	ध	म	प	ध	ध	म	म	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			

मात्रा विभाग १०. झपताल ताली विभाग १, ३, ८, खाली ६.

सा	रि	म	प	ध	ध	म	प	ध	सां
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

सां	ध	म	प	ध	ध	म	रि	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

मात्रा विभाग १२. एकताल ताली विभाग १, ५. ९, ११, खाली ३, ७.

सा	रि	म	प	ध	सां	ध	प	ध	म	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	०
×		५		०		५		९		११	

राग दुर्गा

त्रिताल

गीत

स्थायी—लागी साँवरिया सन प्रीत ।

अंतरा—बेनु बजाय रिझाय री मोको

नाचत गीत संगीत ॥

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताली विभाग १, ५, १३, खाली ९.

स्थाई

				रि	म	प	ध	सांध	सां	रिं	सां	ध	म	प	ध
				ला	•	गी	•	सां	•	व	रि	या	•	सा	न
×				५				०				१३			
ध	म	रि	सा	रि	म	प	ध								
प्री	•	•	त	ला	•	गी	•								

अंतरा

								ध	म	प	ध	सां	–	सां	सां
								बे	•	नु	ब	जा	•	य	रि
×				५				०				१३			
ध	सां	रिं	मं	रिं	सां	ध	म	रि	–	सा	सा	सां	ध	सां	रिं
झा	•	य	री	मो	•	को	•	ना	–	च	त	गी	•	त	सां
×				५				०				१३			
रिं	सां	ध	म	म	पम	प	धप	सांध	सां	रिं	सां	ध	म	प	ध
गी	•	•	त	ला	••	गी	••	सां•	•	व	रि	या	•	स	न
×				५				०				१३			
ध	म	रि	सा												
प्री	•	•	त									•			
×				५				•				१३			

आलाप

×				५				०				१३				०
				रे	म	प	घ	सांध	सां•	रि'	सां	ध		प	ध
				ला	•	गी	•	सां•	•	व	रि	या	•	स	न
१)																
ध	म	रे	सा	रे	म	प	घ	धसां	रिसां	रि'	सां	,,	,,	,,	,,	
प्री	•	•	त	ला	•	गी	•	सां•	••	व	रि					
२)								मप	धसां	धसां	रि'सां					
,,	,,		,,	,,	,,	,,	,,	सां•	••	व•	रि ऽ	,,	,,	,,	,,	
३)								मप	धसां	रि'म	रि'सां					
,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	सां•	•०	व	रि•	,,	,,	,,	,,	
४)								सारि	मप	धसां	रि'सां	रि'सां	धम	प	ध	
,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	सां•	••	व•	रि•	या•	••	स	न	
५)								सारे	मप	धसां	रि'म	रि'सां	धम	प	ध	
,,	,,	,,	,,	,,	,	,,	,,	सां•	••	व•	रि•	या•	••	स	न	

तानें

१)																
सारि	मप	धध	मप	धसां	धप	मम	रिसा	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	
आ•	••	••	••	••	••	••	••									
२)																
सारि	मप	धस	धप	मप	धप	मम	रिसा	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	
आ•	••	धप	••	••	••	••	••									
३)																
मरि	मम	रिसा	सांध	सांसां	धप	मम	रिसा	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	
आ•	••	••	••	••	••	••	••									

×		५			०			१३							
४) सारि	मप	धसां	रि'रि'	स सां	धप	मम	रिसा	सांध	सां	रि'	सां	ध	म	प	ध
आ•	••	••	••	••	••	••	••	सां•	•	व	रि	या	•	स	न
५) सारि	मम	रिम	पप	मप	धध	पध	सांसां	धसां	रि'रि'	सांरि'	मंमं	रि'सां	धप	मम	रिसा
आ •	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••
धसां	रि'सां	धम	पध	ध –	– ध	धसां	रि'सां	धम	पध	ध –	– ध	धसां	रि'सां	धम	पध
सां •	वरि	या•	सन	प्री –	– त	सां•	वरि	या•	सन	प्री –	– त	सां•	वरि	या•	सन
६) सारि	मम	रेसा	मप	धध	पम	पध	सांसां	धप	धसां	रि'रि'	सांध	सारि'	मंमं	रि'सां	धसां
आऽ	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••
रि'रि'	सांध	सांसां	धप	मम	रिसा	धसां	रि'सां	ध	धसां	रि'सां	ध	धसां	रि'सां	धम	पध
••	••	••	••	••	••	सां०	वरि	या	सां	वरि	या	सां•	वरि	या•	सन

राग दुर्गा.

झपताल.

गीत

स्थाई—तेरो प्रणव रूप कैसे कहाँ ध्यावुं

अंतरा—तेज उदधि भोम, नाद मरुत व्योम

तारे सुरज सोम इनमें कहाँ पावुं ॥१॥

स्थाई

मात्रा विभाग १०				झपताल				ताली विभाग, १, ३, ८, खाली ६		
प	–	म प	धसां	ध	ध	म	रि	० –		सा
ते	–	रो •	••	प्र	ण	व	रू	–		प
×		३			०		८			

साध्	सा	सांध	सां	रि'	सांरि'	सांसां	ध	म	रि
कै •	•	से •	•	क	हां •	• •	ध्या	•	ुं
×		३			०		८		

अंतरा

म	प	ध्	सां	सां	सां	सां	ध	सां	सां
ते	–	ज	•	ज	द	धि	भो	•	म
×		३			०		८		
ध	सां	रि'	मं	रि'	सांरि'	सांसां	ध	म	रि
ना	•	द	–	म	रु •	त •	व्यो	•	म
×		३		०			८		
प	–	मप	धसां	ध	ध	म	रि	–	सा
ता	•	रे•	••	सु	र	ज	सो	•	म
×		३			०		८		
साध्	सा	सांध	सां	रि'	सांरि'	सांसां	ध	म	रि
इ•	न	में•	•	क	हां	••	पा	•	ुं
×		३			०		८		

राग दुर्गा

चारताल

गीत.

स्थाई—देह धरे विविध रूप
बाल जुवक प्रौढ़ जरठ
सुंदर अत औ कुरूप
ऐसो देह धरे विविध रूप :—

अन्तरा—शस्त्रसों वधाय और
पावकसों जरि जाय
घटत बढ़त जनत मरत
देह त्यिक आत्म एक
शाश्वत थिर "प्रणव" रूप
ऐसो देह धरे विविध रूप ॥ १ ॥

मात्रा विभाग १२ | चारताल | ताली विभाग १, ५, ९ ११, खाली ३, ७

स्थाई

								सं			
								ध	–	म	रि
								दे	•	ह	ध
								९		११	
			ध			सं	सं				
प	–	–	म	प	ध	ध	ध	म	रि	–	सा
रे	•	•	•	•	•	वि	वि	ध	रू	•	प
×		•		५		०			९	११	
									सां		
सा	रि	घ	सा	म	रि	म	ध	म	ध	सां	रिं
बा	•	ल	जु	व	क	प्रौ	•	ढ़	ज	र	ठ
×		०		५		०			९	११	
		घ		प		घ	घ				
रिं	सां	सां	घ	घ	म	म	प	घ	म.	रि	सा
सुं	•	द	र	अ	त	औ	•	कु	रू	•	प
×		•		५		०			९	११	

म रि	म	प	ध	प ध	सां	ध सां	रि'	सं ध	—	म	रि
ऐ	•	सो	•	•	•	•	•	दे	•	ह	ध
×		०		५		०		९		११	

अंतरा

म	—	प	सं ध	सां	ध	सां	—	रि'	रि' ध	सां	सां
श	०	ख	सों	•	व	धा	•	य	औ	•	र
×		०		५		०		९		११	
सं ध	सां	मं रि'	मं	रि'	सां	सं ध	सां	रि'	सां	सं ध	म
पा	•	व	क	सों	•	ज	रि	•	जा	—	य
×		०		५		०		९		११	
प	प	प	ध म	ध प	ध	सं ध	सं ध	म	म रि	म रि	सा
ध	ट	त	ब	ढ़	त	ज	न	त	म	र	त
×		०		५		०		९		११	
सा	म रि	प म	ध प	सं ध	सां	सं ध	ध	सां	रि	मं	रि'
दे	•	ह	क्ष	णि	क	आ	•	त्म	ए	•	क
×		०		५		०		९		११	
रि'	सां	सं	ध	घ	म	म	प	ध	म	रि	स
शा	•	श्व	त	थि	र	प्र	ण	व	रू	•	प
×		०		५		०		९		११	
म रि	म	ध प	ध	प ध	सां	ध सां	रि'	सां	ध	म	रि
ऐ	•	सो	•	•	•	•	•	दे	•	ह	ध
×		०		५		०		९		११	
प	—										
रे	—	•									

राग सारंग

परिचय

दुर्गा राग के आरोह में 'सारिमपधसां', और अवरोह में 'सांध, मपध, मरि' इस प्रकार चलन था। सारंग राग में 'सारिमपनिसां, सांनिपमरिसा' इस प्रकार होगा। उसमें गन्धार निषाद छोड़ दिए थे, इसमें गन्धार-धैवत को छोड़ देना होगा। यह सदियों से प्रचार पाया हुआ राग है। प्रायः सभी देशों में और सभ्य-असभ्य सभी मानव-जाति में इसका प्रचार पाया जाता है। ग्राम्य-गीतों में और लोक-संगीत में तो इसका विपुल प्रचार है। अहीर या गोप लोग अपनी मुरली में प्रायः सारंग ही बजाते हैं। कहा जाता है कि इसकी धुन को सुनकर गौओं के स्तन में दूध उभर आता है। यह एक बड़ा ही प्यारा और मधुर राग है। इसमें मध्यम-निषाद की सहायता से ऋषभ-पंचम पूर्ण बल पाते हैं। ये 'रि – प' 'म – नि' की सहायता के बिना इस राग के अंग को अभिव्यक्त करने में दुर्बल रहेंगे। 'नि् – प' 'म – रि' केवल इतने स्वरों से ही सारंग का दर्शन हो जाता है। 'प – म रि, रिमप – मरि, मपनि् पमरि, रिमपनि्मपमरि', ये स्वरावलियाँ इस राग में बार २ दिखाई देंगी।

इसकी जाति औडव है। इसमें स्वाभाविक रूप से आरोह में शुद्ध निषाद और अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग होता है। इस प्रकार इस राग में कोमल निषाद इस नये स्वर का बोध विद्यार्थियों को दिया गया। गायकी अंग में इस राग का विलम्बित आलापचारी से विस्तार करते हैं और लोकगीत में इसमें प्रायः द्रुत गति के गीत गाये जाते हैं। इसकी प्रकृति न तरल है और न गम्भीर। इसे मध्याह्न काल में गाया बजाया जाता है।

आरोहावरोह

सारिमपनिसां सांनि्, पमरि, नि्सा।

राग सारंग.

मुक्त आलाप.

रि
सा. सा, नि्स, सा, सरि, सारिम – रि, म – रि, नि् – सा, – नि्सा. नि्सा रिम – रि, रिम – रि, प – मरि,

रि
मरि, नि्सा – नि्सा. सा, सारि, सारिनि्सा, नि् – प मपसा, नि्सा. म, रिम, मरिम – रि, रिमप, म – रि, प, म – रि,

निसा रिमप, निमप मरि, रिमपनिमप – मरि, प – मरि, म – रि, निसा, निसा. निसा रिमपनि – मप, पमनिप नि – पमरि,

रिमपनि – रि पमरि, रिमपनि मपनि – पमरि, प – मरि, म – रि निसा, निसा. निसा रिमपनि – सां – निसां,

सांरि निसां, नि , पनि निसां पनि – प, मरि पम निप सांनिसां – प नि – प, मप, निनिपमप – मरि, रिमपनि मप –

मरे, पमप – मरि, म – रि, निसा – निसा. निसा रिम पनि – सां – निसां, सां, सांरि, सरि मं – रि, मं – रि,

रि
नि-सां – निसां, निसांरि रि सांनिसां – पनि – प, मपनिसांरि – निसां, पनि – प, मपनिनिपमप – मरि, मम – रि,

पप – म, निनि – प, सांसां – नि , रि रि – सां, निनि – प, मम – रि, प – मरि, म-रि, नि-सा – निसा.

रि
निसारिमपनिमप सां – निसां, मपनि सांरि, रि, सांरि मं – रि, मं – रि, नि – सां – निसां, सांरिनिसां, नि – प,

निनिपमप सां, पनि – प, निनिपमपनि – पमरि, रिसा मरि पम निप नि – पमरि, रिमप – मरि, म – रि, नि-सा-निसा.

रि

मुक्त तानें—

निसारिम रिसानिसा, मरिमम रिसानिसा. रिमरिम रिसानिसा. ममरिम रिसानिसा. सारिसानि पनिसारि निसारिम रिसानिसा. निसारिम पमरिसा निसा, पमरिसा निसा. निसारिम रिसारिम पमपम रिसानिसा. निसारिम पमरिम रिमपम रिसानिसा. निसारिम पनिमप निनिपम रिसानिसा. निसारिमपनिनिप निनिपम रिसानिसा. पनिनि पनिनि मप निनिपम रिसानिसा. निसारिमरिसा रिमपनिपम रिसानिसा. निनिपनि पमरिम पनिपम रिसानिसा. ममरिस पपमरि निनिपम रिसानिसा. निसारिम पनिमप सांनिपम रिसानिसा. निपनिम पनिसांनि सांपनिम रिसानिसा. निसारिरि सारिमम रिमपप मपनिनि पनिसांसां निसांरि रि सांनिपमरिसानिसा. निसारिम पनिसांरि मंमरि सां रि रि सांनि सांसांनिप निनिपम पनिपम रिसानिसा. निसा रिम पनि रि निसां पनि मप रिम पनि पम रिसा निसा।

तालबद्ध आरोहावरोह

मात्रा विभाग १६ — त्रिताल — ताल विभाग १, ५, १३ खाली ६

नि̲	सा	रि	म	प	नि	सां	नि̇	प	नि̇	प	म	रि	–	नि̲	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			

मात्रा विभाग, १६. — एक ताल — ताली विभाग, १, ५, १३, खाली ९.

नि̲	सा	रि	म	प	नि	सां	नि̇	प	म	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	०	•	•	•	•	•
×		२		५		०		९		११	

मात्रा विभाग १० — झपताल — ताली विभाग १, ३, ८, खाली ६.

नि̲	सा	रि	म	रि	म	प	नि	सां	सां
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

सा	नि̲	प	नि̇	प	म	रि	नि̲	सा	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३		०			८		

मात्रा विभाग १२ — दादरा — ताली विभाग १, ५, ९, ११, खाली ३, ७.

रि	म	रि	सा	नि̲	सा	रि	म	प	नि̇	प	म
आ	•	•	•	•	•	•	•	०	•	•	•
×			०		×				०		
	६										

रि	–	सा	रि	–	नि̲	सा	–	–	–	–	–
आ	◦	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×			०			×			०		
प	म	प	नि	–	नि	सां	नि	सां	रिं	–	रिं
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×			०			×		•			
सां	रिं	सां	नि	सां	नि̲	प	नि̲	प	म	प	म
×			०			×		०			
रि	–	सा	रि	–	नि̲	सा	–	–	–	–	–
×			०			×			०		

राग सारंग

त्रिताल

मात्रा विभाग १६.

गीत

ताली विभाग, १, ५, १३ खाली ९

स्थाई—मुरली बजावे कान,
मृदु मुसकावे नैन नचावे,
पुनि पुनि गावे मनही रिझावे :—

अन्तरा—पनघट आवे घटही दुरावे,
रसकी बतियां निगूढ़ सुनावे,
प्रणव रंग सुख पावे मुरली०

स्थाई

												रि	रि	नि̲	सा
												मु	र	ली	ब
×			५				०					१३			

सां	–	नि्	–	म	प	नि्	पम	रि	–	नि्	सा	रे	रि	सा	रि
जा	–	•	–	वे	•	•	••	का	–	•	न	मृ	दु	मु	स
×				५				०				१३			

नि्	सा	सा	–	म	रि	म	ग	नि्	नि्	पम	प	म	प	नि	सां
का	०	वे	–	नै	•	न	न	चा	•	वे•	•	पु	नि	पु	नि
×				५				०				१३			

रि'	मं'	रि'	सां	नि	सां	रि'	सां	नि	सा	नि्	प	म	रि	नि्	सा
गा	•	वे	•	म	न	ही	रि	झा	•	वे	•	मु	र	ली	ब
×				५				०				१३			

अंतरा

म	म	म	म	प	–	नि	–	सां	सां	सां	सां	रि'	नि	सां	–
प	न	घ	ट	आ	–	वे	–	घ	ट	ही	दु	रा	•	वे	–
×				५				०				१३			

नि	सां	रि'	मं'	रि'	रि'	सां	–	नि	सां	रि'	सां	नि	सां	नि्	प
र	स	की	•	ब	ति	यां	–	नि	गू	ढ़	सु	ना	•	वे	•
×				५				०				१३			

प	रि'	सां	रि'	नि	सां	नि्	प	रि	म	नि्	प				
प्र	ण	व	रं	•	ग	सु	ख	पा	•	वे	•				
×				५				०				१३			

राग सारंग

त्रिताल

गीत

सुरली बजावे ।

आलाप

×				५				०				१३			
												रे	रे	नि॒	सा
												मु	र	ली	व
१) नि॒सा	रे म	प नि॒	म प	सां	नि॒	प म	नि॒ प	रे	–	नि॒	सा	,,	,,	,,	,,
जा •	••	••	••	वे	•	••	••	का	ऽ	•	न				
२) नि॒सा	रे म	प नि	सांनि॒	म	प	नि॒	प म	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
जा •	••	••	••	वे	•	•	••								
३) सांनि॒	प म	रे सा	नि॒ सा	रे	म	नि॒	प म	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
जा •	••	••	••	वे	•	•	••								
४) सांनि	सांनि॒	प म	रि सा	रि	म	नि॒	प म	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
जा •	••	••	••	वे	•	•	••								
५) नि॒सा	रि म	प नि	सां नि	सां रि॑	सांनि	प म	नि॒ प	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
जा ०	••	••	• •	वे •	••	••	••								
६) रि॑रि॑	सांनि॒	सां सां	नि॒ प	नि॒नि॒	प म	प नि॒	प म	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
जा •	••	• •	••	वे •	••	• •	••								

×		५		०				१३							
७) रि' सां	रि' रि'	सांनि्	सां सां	नि् प	निनि्	प म	नि् प	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
जा •	• •	••	• •	वे •	••	• •	• •								
८) नि॒सा	रि म	प नि	सां रि'	मं मं	रि सां	नि् प	म प	रे	—	नि॒	सा	रि	रि	नि॒	सा
जा •	• •	• •	• •	वे •	• •	• •	• •	का	—	•	न	मु	र	ली	व
९) नि॒सा	रि म	रि सा	रि म	प नि्	प म	पनि्	प म	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
जा •	• •	• •	• •	वे •	• •	••	• •								

तानें

१) नि॒सा	रि म	रि सा	नि॒ सा	रि म	प म	रि सा	नि॒ सा	रि म	प नि्	प म	रि सा	रि	रि	नि॒	सा
जा •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	मु	र	ली	व
२) नि॒सा	रि म	प नि्	म प	नि्नि्	प म	रि सा	नि॒ सा	नि्नि्	प म	रि सा	निसा	,,	,,	,,	,,
आ •	• •	• •	• •	••	• •	० •	• •	••	• •	• •	• •				
३) नि॒सा	रि म	प नि्	प म	रि सा	नि॒ सा	रि म	प नि	सांनि्	प म	रि सा	नि॒सा	,,	,,	,,	,,
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	••	• •	••	• •	• •	••				
४) नि॒सा	रि म	प नि	सां रि'	सांनि्	प म	रि सा	नि॒ सा	रि'रि'	सांनि्	प म	रिसा	,,	,,	,,	,,
आ •	• •	• •	• •	••	• •	• •	• •	• •	••	• •	• •				
५) रि'रि'	सां नि्	सां सां	नि् प	नि् नि्	प म	प प	म रि	म म	रि सा	रि नि॒	सा	,,	,,	,,	,,
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	••	• •	••	• •	• •	•				
६) नि॒सा	रि म	प नि	सां रि'	मं मं	रि' सां	रि' रि'	सांनि्	सांसां	नि् प	नि्नि्	प म	प•प	म रि	म म	रि सा
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	••	••	• •	••	• •	• •	• •	• •	• •

×				५				०				१३			
नि॒सा	रि म	प नि	सां	नि॒ सा	रि म	प नि	सां	नि॒सा	रि म	प नि	सां	रि	रि	नि॒	सा
••	• •	• •	•	• •	• •	• •	•	••	• •	• •	•	मु	र	ली	ब
७) म रि	म म	रि सा,	नि॒ प	नि॒ नि॒	प म,	मं रिं	मं मं	रिं सां,	रिं सां	रिं रिं	सांनि॒,	सांनि॒	सांसां	नि॒प,	नि॒प
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	••	••	••	••
नि॒ नि॒	प म,	प म	प प	म रे,	म रे	म म	रि सा	नि॒सा	रि म	प नि	सां	रि	रि	नि	सा
• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	••	• •	• •	•	मु	र	ली	ब

राग सारंग

झपताल

मात्रा विभाग १०　　गीत　　ताली विभाग, १, ३, ८, खाली ६

स्थाई—गोरी जोबनवा ये रहिहै सदा नाहीं ।
जैसे ये तरु छांहीं ढरत ढर ढर जाहीं—

अन्तरा—मान करो ना गुमान धरो ना
पाछे "प्रणवरंग" तूं पछताही.

स्थाई

नि	–	सांनि	सां	रिं	नि	सां	नि॒ प	नि॒	प
गो	•	री•	•	जो	ब	न	वा •	•	ये
×		३			०		८		

रि	म	प	नि्	प म	रि	–	नि्	सां	सां
र	हि	है	•	स •	दा	•	ना	•	ही
×		३			०		८		
रि नि	सा	म रि	म	म	प	प	नि्	म	प
जै	•	से	•	ये	त	रु	छां	•	हीं
×		३			०		८		
नि	सां	रि'	मं	रि'	नि	सां	नि्प	नि्	प
ढ	र	त	ढ	र	ढ	र	जा •	•	हीं
×		३		०			८		

अंतरा

म	–	प	नि् प	नि	सां	–	रि' नि	सां	सां
मा	•	न	• •	क	रो	•	ना •	•	गु
×		३			०		८		
नि	सां	रि'	मं	रि'	नि	सां	नि्प	नि्	प
मा	•	न	•	ध	रो	•	ना	•	•
×		३			०		८		
रि'	–	सां	रि'	पं	मं	रि'	नि	सां	सां
पा	–	छे	•	प्र	ण	ब	रं	•	ग
×		३			०		८		
नि्म	प	नि	सां	रि'	नि	सां	नि्प	नि्न	प
तूं	•	प	•	छ	ता	•	ही •	• •	•
×		३		०			८		

राग सारंग

चारताल

मात्रा विभाग १२ | गीत | ताली विभाग १, ५, ९, ११, खाली ३, ७

स्थाई—भो मलीन 'देह' संग, दीन हीन आत्मरंग,
नाथसों अनाथ भयो, ह्वै गयो अपंग अंग :—

अन्तरा—कंचनको लागो झंग, पिंजर पूर्यो बिहंग,
कारे घन ज्यौं पतंग, तेजहीन "प्रणवरंग"।

स्थाई

नि	सं	नि	सं	–	रि	नि	सं	नि्	प	नि् म	प
भो	•	म	ली	•	न	दे	•	ह	सं	•	ग
×		०		५		०		९		११	
म रि	–	म	नि् प	नि्	पम	म रि	–	स	रि	नि	स
दी	•	न	ही	•	न•	आ	•	त्म	रं	•	ग
×		०		५		०		९		११	
नि	सा	सा	म रि	म	म	प	म	प	सं नि्	नि् म	प
ना	•	थ	सों	•	अ	ना	•	थ	भ	यो	ग
×		०		५		०		९		११	
नि	–	सं	मं रि	मं	रि	नि	सं	नि्	प	नि् म	प
ह्वै	•	ग	यो	•	अ	पं	•	ग	अं	•	ग
×		०		५		०		९		११	

अंतरा

म	–	नि्	प	नि	–		–	सं	निं	सं	सं
कं	•	च	न	को	•	ला	•	गो	झं	•	ग
×		०		५		०		६		११	
रिं नि	सं	रिं मं	मं	रिं	सं	रिं नि	सं	रिं	सं प	नि्	प
पीं	•	ज	र	पू	•	यीं	•	वि	हं•	•	ग
×		०		५		०		९		११	
रिं	सं	रिं मं	पं	रिं मं	रिं	रिं मं	मं	रिं सं	रिं	नि	सं
का	•	रे	•	घ	न	ज्यों	•	प•	तं	•	ग
×		०		५		०		९		११	
म नि्	प म	नि् प	सं नि	सं	रिं	रिं नि	सं	नि्	प	नि् म	प
ते	•	ज	क्षी	•	ण	प्र	ण	व	रं	•	ग
×		०		५		०		९		११	

राग तिलंग

परिचय

सारंग में ग – ध वर्ज्य किया जाता है और तिलंग में रि – ध वर्ज्य करने की आज्ञा है। यह होने पर भी इसमें ऋषभ का विशेष प्रयोग प्रचार की दृष्टि से सर्वमान्य है। यह ऋषभ प्रायः तारसप्तक में ही एक विशेष प्रकार से लगाया जाता है। इस प्रयोग-विधि का उल्लंघन अक्षम्य माना जाता है। मध्य सप्तक के आरोह-अवरोह में ऋषभ का सर्वथा त्याग करना होगा, अन्यथा तिलंग का अंग-भंग हो जाएगा।

यह बड़ा ही मधुर, सरल एवं जनचित्त का शीघ्र रंजन करने वाला राग है। इसका माधुर्य इतना आकर्षक है कि प्रायः दिनके तीसरे प्रहर से मध्य-रात्रि तक यह गाया बजाया जाता है। इसके पूर्वांग में गान्धार बलवान् है और उत्तरांग में निषाद का बाहुल्य है। आरोह में शुद्ध नि और अवरोह में कोमल नि का प्रयोग होता है।

'नि् प' और 'गमग' ये स्वर-जोड़ियाँ इसमें बार-बार दिखाई देती हैं। उन स्वरों का पुनरुच्चार मधुर-भाव जाग्रत करता है। 'गमपनि पनिसानिप – गमग' इस स्वरावलि में यह राग पूर्णरूप से स्पष्ट होता है। सामान्यतः इस राग का चलन तरल है। इसमें प्रायः शृंङ्गार रस के और चंचल प्रकृति के गीत पाए जाते हैं।

आरोह अवरोह

निसागमपनिसां सांनिपमगसा

राग तिलंग

मुक्त आलाप

सा. सा, निसा. निसगमप, मप, गमग, सागमप, गमग, ग, सागम – ग – सा, निसा. निसगमपनि् – प मप, गमपनि् – प, गमग, गमपनिसां निसा निप गमग, गमपसांनिसां – निप, गमग – सागमपम, गमग – सा. निसगम प निमप सां – निसां, गमप गमपसां – निसां, निसा, गमपसां – निसां, गमपनि, पनिसां – निसां सांरिंनिसां, नि् – प,

गमग, गमपनि सांरि' निसां – नि् – प, गमग, सगमप, गमपनि् मपनिसां, नि् – प; गमग, ग, सगम, ग – सा – निसा. निसा गम पनिसांरि', रि'सां नि् पनिसां – निसां, सांरि'निसां नि्प, गमपनि –, मपनिसां –, पनिसांरि' –, सांरि'निसां, नि् – प, गमपनि् मपसां नि् प – गमग, ग, सगम, ग – सा, निसा. निसगमपनि सांग, सांनि्पसां – निसां, गमपनि, गमपसां, गमपनिसांसं, सांगमं – गं – सां, सांनि, रि'निसां – नि्प पगम; ग, सागमग, गमपसां, पनिसांमं, गं – सां निसां, सांरिनिसां – नि्प, नि्नि्पमप, सां, नि्प, गमग, मग, सागमग, – सा.

मुक्त तानें

निसागमगसानिसा. निसागम पमगम पमगम गसानिसा. निसागम पनि् पम गसा निसा. निसागम पनि्पम पनि्पम गसानिसा. नि्नि् पनि् पमगम पनि् पम गसा निसा. निसागम पमगम पनि सांनि् पम गसा. निसा निसा गम पनिसांनि् पमगसा. निसा गमपनिसांरि' सांनि्पम गमगसा. निसांनि्प नि्पमप निसांरि'रि सांनि्पम गमपनि्पम गम पनिसांनि् पम गसा. गमगम गसा मपमप मग पनि् पनि् पम निसां निसां नि्प सांरि' सांरि' सांनि् पनि सांरि' सांनि् पम गसा. निसागग सागमम गमपप मपनिनि पनिसांसां निसंरि'रि' सांनि् पम गसानिसा. रि'रि'सांनि् सांसांनि्प नि्नि्पम पपमग सगमप नि्नि्पम पनिसांनि् पमगस. निसागमगसा, निसागमपमगस निसागमगनि्पमगमा निसागम-पनिसांरि' सांनि् पम गस निसा.

780-H
269

298926

RESERVE
STUDENT SEC

राग तिलंग

तालबद्ध अलंकार

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताली विभाग १, ५, १३, खाली ९.

नि	सा	ग	म	प	नि	प	म	प	नि	सां	नि	प	म	ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×			५			०					१३					

मात्रा विभाग १२. एकताल ताली विभाग १, ५, ९ ११, खाली ३, ७.

नि	सा	ग	म	प	नि	सां	नि	प	म	ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	

मात्रा विभाग १०. झपताल ताली विभाग १, ३, ८, खाली ६.

सा	–	सा	ग	म	प	नि	प	ग	म
×		३			०		८		

प	नि	सां	रिं	सां	नि	सां	नि	–	प
×		३			०		८		

ग	म	प	नि	प	ग	म	ग	–	ग
×		३			०		८		

ग	म	प	नि	प	नि	नि	सां	–	सां
×		३			०		८		

नि	नि	सां	रिं	सां	नि	सां	प	नि्	प
×		३			०		८		

प	ग	म	नि्	प	सां	नि	रिं	नि	सां
×		३			०		८		

प	ग	म	नि्	प	ग	म	ग	–	ग
×		३			०		८		

राग तिलंग

त्रिताल

मात्रा विभाग, १६. गीत ताली विभाग, १, ५, १३ खाली ९.

स्थाई—ननदिया कैसे नीर भरों :—

अन्तरा—भारी गागर सिर न संभाले

अँचरा कस पकरों :—



स्थाई

–	–	–	सा	ग	म	पनि्	पम	पनि	सांरिं	सांनि	सां	नि्	प	ग	म
.	.	.	न	न	दि	या.	..	कै.	..	से.	.	नी	.	र	भ
×				५			०					१३			

ग	–	–	सा	ग	म	पनि	पम	पनि	सांरि'	सांनि	सां	नि्	प	ग	म
रों	.	.	न	न	दि	या.	..	कै.	..	से.	.	नी	.	र	भ्
×				५				०				१३			

अंतरा

ग	–	–	सा	ग	म	प	–	म	प	ग	म	प	–	नि	नि
रों	–	–	न	न	दि	या	.	भा	.	री	.	गा	.	ग	र
×				५				०				१३			

सां	नि	सां	नि	सां	नि	सां	–	म	प	नि	–	सां	नि	सां	रि'
सि	र	न	सं	भा	.	ले	–	अँ	च	रा	–	क	स	प	क
×				५				०				१३			

सांरि'	सांनि्	पनि्	पम	ग	म	पनि्	पम	पनि	सांरि'	सांनि	सां	नि्	प	ग	म
रों.	..	..	न.	न	दि	या.	..	कै.	..	से.	.	नी	.	र	भ
×				५				०				१३			

ग	–	–	सा	ग	म	प	–								
रों	.	.	न	न	दि	या	–								
×				५				०				१३			

राग तिलंग

आलाप

×			५				०					१३				
			सा	ग	म	पनि्	पम	पनि	सारि॑	सांनि	सां	नि्	प	ग	म
			न	न	दी	या॰	••	कै॰	••	से॰	•	नी	•	र	भ
१) ग	—	—	स	ग	म	प	—	सांनि	रि॑	सांनि	सां				
रूं	ऽ	ऽ	न	न	दि	या	ऽ	कै॰	•	से॰	•	,,	,,	,,	,,
२)								पनि	सांनि	सारि॑	निसां				
,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	कै .	. .	से .	. .	,,	,,	,,	,,
३)								पसां	निरि॑	सांरि॑	निसां				
,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	कै .	. .	से .	. .	,,	,,	,,	,,
४)								गम	पनि	सांरि॑	निसां				
,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	कै .	. .	से .	. .	,,	,,	,,	,,
६) ग	—	—	सा	ग	म	प	—	सांनि्	प म	प नि	सां	सां	नि्	प	गम
रूं	—	—	न	न	दी	या	—	कै .	. .	से .	.	नी	.	र	भ .
७)								सारि॑	सांनि्	पम	गम	पसां	निसां	पनि्	गम
,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,	कै .	. .	से .	. .	नी .	. .	र .	भ .
ग	—	—	सा	म	म	प	—	—	—	—	म	प	सां	नि	—
रूं	ऽ	ऽ	न	न	दी	या					न	न	दी	या	—
—	—	—	प	सांनि	रि॑	सां	—	सां	सारि॑	नि्	निसां	प	पनि्	म	मप
—	—	—	न	न —	दी	या	—	न	न —	दी	या —	न	न .	दी	या .
गम	सागं	पसां	निरि॑	सांरि॑	निसां	पसां	निरि॑	सांरि॑	निसां	पसां	निरि॑	सारि॑	निसां	नि्प	ग—
..	..	कै .	..	से .	. .	कै .	. .	से .	. .	कै .	. .	से .	. .	नी .	

तानें

×				५				०				१३			
१)															
ग	–	–	–	नि॒सा	गम	पम	गम	नि॒नि॒	पनि॒	पम	गम	पसां	निसां	नि॒प	गम
ऊँ	ऽ	ऽ	ऽ	आ .	..	..	..	..	..	..	..	कै .	से .	नी .	रम
२)															
ग	–	–	–	नि॒सा	गम	पम	गम	पनि	सांनि॒	पम	गम	सांनि॒	सांनि॒	पम	गम
ऊँ	–	–	–	आ .	..	..	..	..	..	..	..	कै .	से .	नी .	रम
३)															
,,	,,	,,	,,	नि॒सा	गम	पनि॒	पम	पनि	सांरि॑	सांनि॒	पम	पनि	पनि	पप	गम
				आ .	..	..	..	..	..	..	..	कै .	से .	नी .	रम
४)															
,,	,,	,,	,,	नि॒सा	गम	पनि॒	पम	गसा	नि॒सा	गम	पनि	सांरि॑	सांनि॒	पम	गसा
				आ .	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..
नि॒सा	गम	पनि	सां	नि॒सा	गम	पनि	सां	नि॒सा	गम	पनि	सां	सांरि॑	नि॒सां	नि॒प	गम
..	..	..	.	..	..	..	.	..	..	..	.	कै .	से .	नी .	रम
५)															
ग	–	–	–	नि॒सा	गम	पनि	निसां	गंमं	पंमं	गंसां	सांनि॒	पम	गसा	नि॒सा	गम
ऊँ	–	–	–	आ .	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..	..
पसां	निसां	नि॒प	गम	ग	–	पसां	नि॒सां	नि॒प	गम	ग	–	पसां	निसां	नि॒प	गम
कै .	से .	नी .	रम	ऊँ	–	कै .	से .	नी .	रम	ऊँ	–	कै .	से .	नी .	रम
ग	–	–	सा	ग	म	पनि॒	पम	पनि	सारि॑	सांनि	सां	न्	प	ग	म
ऊँ	–	–	न	न	दी	या	..	कै .	..	से .	.	नी	.	र	भ

राग तिलंग

ताल दादरा

गीत

स्थाई—राधिका तिहारे नैन
श्याम रंग घोले
अंजन बिन खंजन मृग
मीन जलज डोलेः—

अन्तरा—स्निग्ध सरल विमल रसिक,
नेह भाव बोरे
"प्रणव रंग" वारी जात
नयनन अनमोले
लोले विलोलेः—

स्थाई

मात्रा विभाग ६ | दादरा | ताल विभाग १, ४,

सा	नि॒	सा	म	ग	म	प	नि्	प	म	ग	म
रा	•	धि	का	•	ति	हा	•	रे	नै	•	न
×			०			×			०		
प	सां	नि	सां	नि्	प	प	ग	म	ग	–	–
श्या	•	म	रं	•	ग	घो	•	•	ले	–	–
×			०			×			०		
प	सां	नि	सांनि्	सां	रिं	सांनि	सां	नि्	प	मग	म
अं	•	ज	न•	बि	न	खं•	•	ज	न	मृ•	ग
×			०			×			०		
प	सां	नि	सां	नि्	प	प	ग	म	ग	–	–
मी	•	न	ज	ल	ज	डो	•	•	ले	•	०
×			०			×			०		

८

अंतरा

म	ग	म	प	नि्	प	नि	सां	नि	सां	सां	सां
स्नि	•	ग्ध	स	र	ल	वि	म	ल	र	सि	क
×			०			×			०		
प	ग	म	प	नि	नि	सां	सां	सां	रि'	नि	सां
स्नि	•	ग्ध	स	र	ल	वि	म	ल	र	सि	क
×			०			×			०		
प	नि्	प	म	ग	म	प	नि	नि	सां	सां	सां
स्नि	•	ग्ध	स	र	ल	वि	म	ल	र	सि	क
×			०			×			०		
प	सां	नि	सां	–	रि'	नि	सां	नि्	प	म	प
ने	•	ह	भा	•	व	बो	•	•	रे	•	•
×			०			×			०		
मं	गं	मं	गं	–	सां	नि	सां	रि'सां	नि्	प	प
प्र	ण	व	रं	–	ग	वा	•	री•	जा	•	त
×			०			×			०		
ग	म	प	नि	सां	रि'	नि	सां	नि्	प	म	प
न	य	न	न	अ	न	मो	•	•	ले	•	•
×			०			×			०		
गं	मं	गं	सां	नि	सां	प	नि्	प	म	ग	म
लो	•	•	ले	•	वि	लो	०	•	ले	०	०
×			•			×			०		

राग तिलंग

चारताल

गीत

स्थाई— माने सुख दुःख और;
हरख शोक नरक नाक
हानि लाभ घटन बढ़न,
शुभ रु अशुभ हंस काकः—

अन्तरा—पाप पुण्य उच्च नीच
जनन मरन बंध मोक्ष,
माने मन तू ही सकल
द्वंद्व भेद "प्रणव" भाखः—

स्थाई

मात्रा विभाग, १६. चार ताल ताली विभाग, १, ५, ९, ११—खाली ३, ७

प	सां	नि	सां	सां	रिं	नि	सां	नि्	प	ग	म
मा	•	ने	•	सु	ख	दुः	•	ख	औ	•	र
×		०		५		०		९		११		
ग	म	प	नि	सां	नि्	प	ग	म	ग	–	ग
ह	र	ख	शो	•	क	न	र	क	ना	–	क
×		०		५		०		९		११		
सा	नि	सा	म	ग	म	प	नि्	प	नि	सां	सां
हा	•	नि	ला	•	भ	घ	ट	न	ब	ढ़	न
×		०		५		०		९		११		
प	सां	नि	सां	सां	रिं	नि	सां	नि्	प	ग	म
शु	भ	रु	अ	शु	भ	हं	•	स	का	•	क
×		०		५		०		९		११		

अंतरा

म	ग	म	प	नि	नि	सं	–	सं	नि	सं	सां
पा	•	प	पु	•	ष्य	उ	–	च्च	नी	•	चैं
×		०			५		०			११	
प	नि	नि	सं नि	सां	रिं	नि	सां	नि्	प	ग	म
ज	न	न	म •	र	न	बं	•	ध	मो	•	क्ष
×		०			५		०			११	
प	नि	सां	गं सां	गं	मं	गं	सां	नि् प	नि	सां	रिं
मा	•	ने	• •	म	न	तूं	•	ही •	स	क	ल
×		०			५		०			११	
रिं	–	सं	रिं नि	सं	सं	प	नि	प	प	ग	म
द्वं	•	द्व	मे	•	द	प्र	ण	व	भा	०	ख
×		०			५		०			११	

राग भिन्नषड्ज

परिचय

यह राग प्राचीन ग्रन्थों के परिशीलन से अभी-अभी प्रचार में आने लगा है। किसी-किसी ने इसके नाम में परिवर्तन करके 'मधुरध्वनि', 'दिव्यहिंडोल' आदि नामों का व्यवहार किया है। हमने वही प्राचीन नाम क़ायम रखा है। यह एक बड़ा ही मधुर एवं शान्त-गम्भीर राग है। इसमें ऋषभ और पंचम का त्याग किया जाता है। शुद्ध मध्यम का मुख्यत्व और उसका दीर्घ उच्चार, शान्त और गम्भीर भाव को प्रकट करने में बहुत सहायक होता है। रात्रि के दूसरे प्रहर के अन्त में इसे गाने से बड़ा ही आत्मरंजन होता है। इसमें ग, ध, नि शुद्ध होने पर भी षड्ज-मध्यम की जोड़ी से और मध्यम का बार-बार उच्चार करने से ऐसी शान्त मृदुता छा जाती है कि मानों ग, ध, नि भी अपना तीखापन छोड़कर मृदु बन गए हों। इसका चलन, गम्भीर स्वरोच्चार, विलम्बित आलापचारी और धीमी गति,—ये सब बातें इसे प्रौढ़ और शान्त-गम्भीर-भाव को व्यक्त करने वाला बताती हैं। षड्ज-मध्यम के बाद इसमें गान्धार और धैवत बल पाते हैं। इसके शुद्ध मध्यम के स्थान पर यदि तीव्र मध्यम का प्रयोग किया जाए तो यह हिंडोल बन जाएगा। केवल उस तीव्र मध्यम के प्रयोग से ही शान्त और गम्भीर भाव नष्ट हो जाएगा और उसके स्थान पर तीखे और उग्र भाव खड़े हो जाएँगे। स्वरों की भाषा और उनका अर्थ-भाव समझने के बाद ये बातें ज्ञात हो सकेंगी।

आरोहावरोह

सा ग म ध नि सां सां नि ध म ग सा।

राग भिन्नषड्ज

मुक्त आलाप

सा. सा, नि़सा. ध़नि़साम – ग़म, ग, सागम – ग़म, नि़साध़नि़साग, साम – ग़म, गग – सागम – गसा, नि़सा। सानि़ध़नि़ साम – ग़म, गमग सागम – ग़म, गसा मगम – ग़म, नि़ध़सानि़सा, म – ग़म,

म म म ग
ग ग ग सागम – ग – सा । सानिसा धनिसाम – ग – सा । सानिसाधनिसाम – गम, ध – म – गम, निसानि, सागसा, गमग, मध – म – गम, गमध; मधनि; ध – म; गम, निसा, गमध – म, निधनिध – म, मधनिसां – नि; धनिध – म, सग; सम; गध, मनि; धसां – नि; धनिध – म, गमधनिसां – नि; धनिध – म, धध – म, निनि – ध, सांसां – नि, धनिध – म, मम – ग, सागमग – सा, निसा । निसागमधनिसां – निसां, सांनिध मधसां – निसां, धनिधमध, निसांनिधनि, धसां – निसां, सगमध निसां – निधम, गमध, सां, निसां, गमध, मधनि, धनिसां – निसां, धनिसांगं – सां – निसां, सांसांनिधनि – ध मध सां – निसां, सां – निधनिध – म, ममगसगम – गम,
म म ग
धध – म; निनि – ध; म – गम, ग ग सागम – गम, म – ग – सा, निसा ।

तानें

निसागमसा । गमगसानिसा । मगसानिसा । सानिधनि सागमग ममगमगसा निसा । निसागम धम गम गसा निसा । ममगसा गमधधमम गमगसा निसा । निसा गग सागमम गमधध ममगसा । निसागम धनिसांनि धनिधम गमगसा गमधध मधनिनि धनिसांनि धमगसा । निसांनिधनिध मध निसांनिध ममगसा । निसागम धमगम धनिसांनि धमगसा । ममगमगसा सांसांनिसांनिध निनिधनिधम गमधनिसांनि धनिधम गमगसानिसा । निसागमधनि सांनिधम गंगंसांनिधम धनिसांनिधनिधम धनिसांनिधमगसा । निसागम धनिसांगं मंमंगंसां गंगंसांनि सांसांनिध निनिधम गमधम निधसांनि सांसांनिध गमगसा । गमगसानिसा निसांनिधमध गंमंगंसांनिसां निसांनिधमध निसांनिधनिधमध निसांनिध ममगसा । गमगमगसानिसा धनिधनिधमगम निसांनिसां निधमध गंमंगंमंगंसांनिसां सांनिसांनि धमगम निध सांनिधम गसा ।

तालबद्ध आरोहावरोह तथा अलंकार

मात्रा विभाग १६ — त्रिताल — ताली विभाग १, ५, १३ खाली ९

नि	ना	ग	म	ध	म	ध	नि	सां	नि	ध	म	ग	म	ग	सा	
आ	०	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	
×				५				०				१३				

मात्रा विभाग १२. — एकताल — ताली विभाग, १, ५, ९, ११ खाली ३-७.

सा	ग	म	ध	नि	सां	सां	नि	ध	म	ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		८		११	

मात्रा विभाग १० — झपताल — ताली विभाग १, ३, ८, खाली ६

सा	ग	म	ध	म	ग	म	ध	नि	सां
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

सां	नि	ध	–	म	ग	म	म	ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

मात्रा विभाग १० — सूलताल (सुरफाकता) — ताली विभाग १, ५, ७, खाली ३-९.

सा	ग	ग	म	म	ध	ध	नि	नि	सां
आ	•	•	•	•	०	•	•	•	•
×		०		५		७		०	

सां	नि	नि	ध	ध	म	म	ग	ग	सा
आ	•	•	•	•	•	०	•	•	•
×		०		५		७		०	

राग भिन्नषड्ज

त्रिताल

गीत

स्थाई—लगनी का पंथ निराला,
जिनके नैन लगे प्रीतमसों
सदा रहे मतवाला.....लगनी०

अंतरा- स्नेह सुधारस छके छकावे,
करे मोह मद छारा ;
छेदे भेद 'प्रणव' सब फंदा,
करे जगत उजियारा.....लगनी० ×

स्थाई

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताली विभाग १, ५, १३—खाली ९

							ग	म	ग	–	सा	–	नि̲	सा	ध̲	नि̲
							ल	ग	नी	•	का	•	पं	•	थ	नि
×				५					०				१३			
सा	नि̲सा	म	–	ग	सा	ग	म	ग	–	सा	–	नि̲	सा	ध̲	नि̲
रा	••	ला	•	•	•	ल	ग	नी	•	का	•	पं	•	थ	नि
×				५					०				१३			
सा	नि̲सा	म	–	–	–	–	–	ग	म	ध	नि	सां	–	सां	नि
रा.	••	ला	•	•	•	•	•	जि	न	के	•	नै	•	न	ल
×				५					०				१३			
ध	नि	स	मं	गं	गं	सां	–	नि ध	सां	–	नि	ध	म	ध	नि
गे	•	प्री	•	त	म	सों	•	स	दा	•	र	हे	•	म	त
×				५					०				१३			
ध	–	म	–	ग	सा	ग	म	ग	–	सा	–	नि̲	सा	ध̲	नि̲
वा	•	ला	•	•	•	ल	ग	नी	•	का	•	पं	•	थ	नि
×				५					०				१३			

अंतरा

सा	नि॒सा	म	–	–	–	–	–	ग	–	म	म	ध	म	नि ध	नि
रा	••	ला	•	•	•	•	•	स्ने	•	ह	सु	बा	•	र	स
×				५				०				१३			
सां	स	–	नि ध	नि	ध	सां	–	ध	सां	–	नि	ध	म	ध	नि
छ	के	•	छ	का	•	वे	•	क	रे	•	मो	–	ह	म	द
×				५				०				१३			
ध	–	–	–	म	–	गम–	–	ध	नि	सां	गं	मं	–	मं	मं
छा	•	•	•	रा	•	•• –	•	छे	•	दे	•	भे	•	द	प्र
×				५				०				१३			
गं	सां	गं	मं	गं	–	सां	–	ध	सां	–	नि	ध	म	ध	नि
ण	व	स	ब	फं	•	दा	•	क	रे	•	ज	ग	त	उ	जि
×				५				०				१३			
ध	–	म	–	ग	सा	ग	म	ग	–	सा	–	नि॒	सा	ध॒	नि॒
या	•	रा	•	•	•	ल	ग	नी	•	का	•	पं	•	थ	नि
×				५				०				१३			
स	नि॒स	म	–	–	–	–	–								
रा	••	ला	•	•	•	•	•								
×				५				०				१३			

राग भिन्न षड्ज

त्रिताल

मात्रा विभाग, १६. गीत ताली विभाग, १, ५, १३ खाली ९.

मरम न जाने हो कोउ तेरो

थाके अगम निगम कत हूँ नहि

अंतकला पहचाने हो :—

पुण्य जहां तहां पाप बिराजत

गरल सुधा सम माने हो :—

स्थाई

												नि	सा	ध	नि
												म	र	म	न
×				५				०				१३			
सा	निसा	म	–	ग	सा	ग	म	ग	–	सा	–	नि	सा	ग	म
जा	••	ने	–	हो	•	को	उ	ते	–	रो	–	था	•	के	•
×				५				०				१३			
ध	ध	म	म	नि	ध	नि	सं	ध	–	म	म	ग	म	ध	म
अ	ग	म	नि	ग	म	क	त	हूँ	–	न	हि	अं	•	त	क
×				५				०				१३			
ध	नि	सां	नि	ध	–	ग	म	ग	–	सा	–	नि	सा	ध	नि
ला	•	प	ह	चा	–	•	ने	हो	–	•	•	म	र	म	न
×				५				०				१३			

अंतरा

सा	निसा	म	–	–	–	–	–	म	ग	म	म	ध	म	नि	ध
जा	••	ने	–	–	–	–	–	पु	•	ण्य	ज	हां	•	त	हां
×				५				०				१३			

सां	–	नि	ध	नि	ध	सां	सां	ध	नि	सां	मं	गं	सां	नि	ध
पक	–	प	बि	रा	•	ज	त	ग	र	ल	सु	धा	–	स	म
×				५				०				१३			
म	ध	नि	सां	ध	–	म	–	ग	–	सा	–	नि	सा	ध	नि
मा	•	•	ने	हो	–	•	–	•	–	•	–	म	र	म	न
×				५				०				१३			
सा	निऽा	म	–	–	–	–	–								
जा	••	ने	–	–		–	–								
×				५				०				१३			

राग भिन्नषड्ज

झपताल

मात्रा विभाग १०. गीत ताली विभाग १, ३, ८, खाली ६.

स्थाई—सैंया न ऐसी नचावो पातुरियां :–
गाने पे रीझो बजाने पे रीझो
बांदीको छातीपे छेदो न छुरियां :–
अंतरा—पापोंकी पूंजी पचेगी न प्यारे
खाते फिरोगे हकीमोंकी पुरियां :–
डोलोगे डाली डुलाते डुलाते
हाथों में पूरी न होंगी अंगुरियां :–
जो हाथ शंकर दशा होगी ऐसी
तो मेरी कैसे बचा लोगे चुरियां ॥ १ ॥

[नाथुराम शंकर शर्मा]

स्थाई

								ग	म	ध	नि	सां			
								ए	•	•	•	•			
×			३					०		८					

नि ध	–	ग	–	म	म	ग	सा	–	सां
सैं	–	या	–	न	ऐ	•	सी	–	न
×		३			०		८		
नि		नि ध	–	नि	सा	म	ग	म	सां
चा	•	वो	–	पा	तु	रि	यां	•	•
×		३			०		८		
नि ध	–	ग	–	म	म	ग	सा	–	–
सैं	–	या	–	न	ऐ	•	सी	–	–
×		३			०		८		

अन्तरा

म	ग	म	ध	म	धनि	सां	सां	–	सां
गा	•	ने	•	पे	री •	•	झो	–	ब
×		३			०		८		
न	सां	नि ध	–	म	धनि	सां	ध	ग	म
जा	•	ने	–	पे	री•	•	झो	•	•
×		३			०		८		
ध	नि	सां	–	मं	गं	–	सां	–	सां
बां	•	दी	•	की	छा	•	ती	•	पे
×		३			०		८		
नि	सांनि	ध	ग	म	ग	सा	गम	धनि	सां
छे	•-•	दो	•	न	छु	रि	यां •	••	•
×		३			०		८		

आलाप

×		३			०			८		
१) सा	–	–	–	–	घ़	नि़	घ़	सा	सां
आ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	◦	•	•	•	•
२) सा	–	घ़	नि़	सा	ग	म	ग	सा	सां
आ	–	ग	•	•	•	•	•	•	ऽ
३) नि़	सा	ग	म	ध	म	–	ग	सा	सां
आ	•	•	•	•	•	ऽ	•	•	•
४) नि़सा	गम	धनि	सां	–	नि	ध	सां	सा	सां
आ•	••	••	•	ऽ	•	•	•	•	•
५) नि़सा	गम	धनि	सां	–	सांनि	धम	गम	गसा	सां
आ•	••	••	•	ऽ	••	••	•	••	•
६) नि़सा	गम	धनि	सां	–	गं	मं	गं	–	सां
आ•	••	••	•	ऽ	•	•	•	ऽ	•
सां	नि	ध	–	म	ग	सा	ग	म	सां
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•

तानें

१) नि़सा	गम	धम	धनि	सांनि	सांनि	धम	गम	गसा	सां
आ•	••	••	••	••	••	••	••	••	•
२) नि़सा	गग	सागं	मम	गम	धध	मध	निनि	धनि	सां
आ◦	••	••	••	••	••	••	••	••	•
३) नि़सा	गम	गसा	नि़सा	गम	धम	गम	गसा	नि़सा	गम
आ	••	••	••	••	••	••	••	••	••

×		३			०		८		
धनि	सांनि	धम	गम	गसा	नि॒सा	गम	धनि	सांगं	मंगं
••	••	••	••	••	••	••	••	••	••
सांनि	धम	गम	गसा	गम	सां	गम	सां	गम	सां
••	••	••	••	••	•	••	•	••	•
४) नि॒सा	गम	धनि	सां	–	सां	–	सांनि	धम	गम
आ•	••	••	•	–	•	–	••	••	••
गसा	मां	–	सां	–	सांनि	धम	गम	गसा	सां
••	•	–	•	–	••	••	••	•›	•
–	सां	–	सांनि	धम	गम	गसा	सां	–	सां
–	•	–	••	••	••	•›	•	–	•

राग भिन्न षड्ज

चारताल

मात्रा विभाग १२. गीत ताली विभाग १, ५, ९, ११, खाली ३, ७.

स्थाई—नीके लागे री तोरे नैन जागे रैन
उनीदे मंद मंद अलसे बिलसे आली–

अन्तरा—आध ढके आध खुले, सरद कुमुद मांझ मानो
दोउ रस लोलुप श्याम मधुप
आय बसे और फँसे ॥ १ ॥

स्थायो

								ग	म	नि ध	नि
								नी	•	के	•
×		०		५		०		९		११		

सां	–	सां	नि	ध	म	सा ग	म	सा म	ग	सा	सा
ला	•	गे	•	री	•	तो	•	नै	•	•	न
×		०		५		०		९		११	
नि	सा	ध	नि	सा	म	–	म	नि ध	नि ध	म	म
जा	•	गे	•	रे	•	•	न	उ	नीं	•	दे
×		०		५		०		९		११	
ग	म	नि ध	नि	सां	सां	नि	सां	नि ध	म	ग	म
मं	•	द	मं	•	द	अ	ल	से	•	वि	ल
×		०		५		०		९		११	
ग	–	सा	–	सां	नि	ध	म	ग	म	नि ध	नि
से	•	•	•	आ	•	ली	•	नी	•	के	•
×		०		५		०		९		११	
सां	–	सां	नि	ध	म	सा ग	म	सा म	ग	सा	सा
ला	•	गे	•	री	•	तो	रे	नै	•	•	न
×		०		५		०		९		११	

अंतरा

म	ग	म	म	नि ध	निध	सां	–	सां	सां	सां	–
आ	•	ध	ढ	के	••	अ	•	ध	खु	ले	•
×		०		५		०		९		११	
सां	नि	सां	नि ध	नि ध	म	नि ध	नि	सां	न ध	–	म
स	र	द	कु	मु	द	मां	•	झ	मा	•	नो
×		०		५		०		९		११	
ध	नि	सां	–	गं	सां	गं	मं	–	गं	–	सां
दो	•	उ	•	र	स	ली	•	•	छ	•	प
×		०		५		०		९		११	

सां	नि ध	ग	म	ग	सा	ग	म	ध	नि	सां	मं
श्या	•	म	म	धु	प	आ	•	य	ब	से	•
×		०		५		०		६		११	
		सा								नि	
म	ग	ग	म	ग	–	सा	–	ग	म	ध	नि
औ	•	र	फूँ	से	•	•	•	नी	•	के	•
×		०		५		०		९		११	
सां	–	सां	–								
ला	•	गे	•								
×		०		५		०		६		११	

राग खमाज

परिचय

यह भी एक बड़ा मधुर राग है। इसमें भी तिलंग के सदृश आरोह में शुद्ध निषाद और अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग होता है। इसके पूर्वांग में गान्धार और उत्तरांग में धैवत बलवान् स्वर हैं। कुछ लोग इसमें ग – नि को बलवान् मानते हैं, किन्तु धैवत के द्वारा खमाज का अंग जितना स्पष्ट होता है, उतना निषाद से नहीं होता। 'गमपध गमग' इतने स्वरों से भी खमाज का दर्शन होगा। यदि तार षड्ज को छू कर 'सां पध, गमग', इस प्रकार निषाद का समूचा त्याग करें, तब भी खमाज का अंग-भंग नहीं होगा। किन्तु इसी प्रकार यदि धैवत को समूचा छोड़ देंगे तो 'गमपनिपगमग' यों खमाज मिट जाएगा और तिलंग दिखाई देगा। इसीलिए धैवत और गान्धार को ही बलवान् कहना उचित है।

इस राग में ठुमरी अंग खूब गाया जाता है और फबता भी है। शृंङ्गार इसका मुख्य रस है। यदि इसमें शृंङ्गार-काव्य का योग किया जाए तो वह रस को प्रदीप्त करता है और हृदय को उत्तेजित करता है। इसका कोमल मधुर चलन, स्वरोच्चार की रीति, सहज स्वभाव, मींड से घिरी हुई इसकी स्वाभाविक मृदुता इत्यादि बातें इसकी स्त्री-प्रकृति सूचित करती हैं। यह शाम से मध्य रात्रि तक गाया जाता है। गम्भीर राग के गान के पश्चात् यह खूब जँचता है और दिल को खींचता है।

आरोह अवरोह

सा, गमपध, निसां — नि॒ध, पध, गमग, मगरि॒नि॒सा

राग खमाज

मुक्त आलाप

सा सागमप, गमपध – पगमग, गमधपनि॒ – धप ; गमग, नि॒सागमपनि॒ – ध ; पध – प ; गमग, मग – रि ; नि॒सा। नि॒सागमपधनिसां ; नि॒ – धप, गमधपसां ; नि॒ – धप ; गमपगमनि॒ – धप ; गमपसांनिसां नि॒धपधपगमग,

मग – रिनिसा। निसागमपधनिसां – निसां, निधपमगमपध निसां – निसां, सांरिनिसां – निधप ; पनिसां पनिसांरि'निधप; गमपध सां – निधप, गमप ; मपध ; पधनि् ; धनिसां; नि् – धप, सांनि रि'निसां निधप, गमधपनि् – धप, पध – प; गमग, मग – रि निसा। सा, गमपधनिसां – निसां, पधसांरि'गंमं – गं, गंरि'मं – गं – रि'निसां, निधप, पधप धनिध निसांनि सांरि'नि् – धप, गमपध निसां गंरि'मंग – रि'सांनिधप, गमपधनिसां, पनिधप, पधप, गमग, मगरिसा निसा।

मुक्त तानें

